सुविचार
कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता, जिससे वो डरता है।
अरस्तु

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

वर्ष 2 ■ अंक 180 ■ जबलपुर, बुधवार 25 जून 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये

ट्रम्प बोले- जंग रुकी; कुछ देर बाद ईरान ने मिसाइलें दागीं, जवाब में इजराइल ने बम गिराए

# ईरान-इजराइल सीजफायर ढाई घंटे में ही टूटा

**तेहरान/तेल अवीव/दोहा।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। सीजफायर शुरू होने के करीब ढाई घंटे बाद ईरान ने इजराइल पर 6 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। एक मिसाइल बीशेर्बा शहर में इमारत पर गिरी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने अपनी सेना को तेहरान में हमले का आदेश दिया था। थोड़ी देर पहले इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है। ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल P M बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा था। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा, 'मैं हमला नहीं रोक सकता, क्योंकि ईरान ने पहले सीजफायर का उल्लंघन किया और उसे जवाब देना जरूरी है। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, आज सुबह 3:32 बजे ट्रम्प ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। सुबह 10:38 बजे उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- "अभी से सीजफायर लागू होता है, प्लीज इसे न तोड़ें।"



### चीन बोला- हमें सच्चा सीजफायर देखने की उम्मीद

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को तुर्की के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि चीन ईरान और इजराइल के संपर्क में है और सच्चा सीजफायर होने की उम्मीद कर रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, वांग ने कहा कि सभी पक्षों को समान आधार पर बातचीत फिर से शुरू करनी चाहिए और ईरानी परमाणु मुद्दे के राजनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

### भारत ने ईरान-इजराइल के बीच सीजफायर का स्वागत किया

भारत ने ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर पर सहमति बनाने में अमेरिका और कतर की भूमिका का स्वागत किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'बातचीत और कूटनीति के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उम्मीद है कि सभी पक्ष स्थायी शांति की दिशा में काम करेंगे।'

### ईरानी हमलों से इजराइल में 28 लोगों की मौत, 3000 से ज्यादा घायल

इजराइल के मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सर्विस ने बताया है कि 12 दिनों के दौरान ईरानी हमलों में कुल 28 इजराइली मारे गए हैं। 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इजराइली डिफेंस फोर्स (IDF) के अनुसार, युद्ध के दौरान ईरान ने इजराइल पर लगभग 550 बैलिस्टिक मिसाइलें और लगभग 1,000 ड्रोन दागे, जिनमें से अधिकांश को रोक दिया गया। आबादी वाले इलाकों में कम से कम 31 बैलिस्टिक मिसाइलें गिरीं। एक ड्रोन ने एक घर पर हमला किया।

### ईरान आज इजराइल-अमेरिका के खिलाफ जीत का जश्न मनाएगा

ईरान आज रात 8 बजे (तेहरान के समयानुसार शाम 6 बजे) इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जीत का जश्न मनाएगा। तेहरान के इंकलाब स्क्वायर पर विक्ट्री सेलिब्रेशन आयोजित की गई है।

**ईरानी राष्ट्रपति बोले- इजराइल ने सीजफायर नहीं तोड़ा, तो हम भी नहीं तोड़ेंगे-** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि उनका देश सीजफायर का उल्लंघन नहीं करेगा, अगर इजराइल इसका उल्लंघन नहीं करता। राष्ट्रपति ऑफिस की वेबसाइट के अनुसार, पजशकियान ने मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही।

### ट्रम्प बोले- चीन अब ईरान से तेल खरीदना जारी रख सकता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा, 'चीन अब ईरान से तेल खरीदना जारी रख सकता है। उम्मीद है कि वे अमेरिका से भी खूब तेल खरीदेंगे।' ट्रम्प के इस ऐलान से ईरान को काफी राहत मिलेगी। ट्रम्प ने 1 मई को कहा था कि ईरान से तेल खरीदने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ कोई कारोबार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चीन ईरान से हर महीने लगभग 43 मिलियन बैरल तेल आयात करता है, जो ईरान के तेल निर्यात का लगभग 90% और चीन की कच्चे तेल की खरीद का लगभग 13.6% है। शिपिंग डेटा फर्म वोर्टेक्सा के अनुसार, ईरान के होर्मुज गलियारा के माध्यम से भेजे जाने वाले कुल कच्चे तेल और कंडेनसेट का लगभग 65% चीन को जाता है।

### ट्रम्प बोले- मैं ईरान में तख्ता पलट के खिलाफ, इससे अशांति फैलेगी

अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर ईरान में तख्ता पलट के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के लिए जाते समय एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा, 'मैं तख्ता पलट नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि सब कुछ जल्द से जल्द शांत हो जाए।'

## केंद्र सरकार मप्र से खरीदेगी 3.51 लाख टन मूंग और 1.23 लाख टन उड़द

**भोपाल।** प्रदेश में उत्पादित ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द भारत सरकार मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 3.51 लाख टन मूंग और 1.23 लाख टन उड़द खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपार्जन को लेकर प्रदेश के कृषि मंत्री और अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और पारदर्शिता के साथ खरीदी के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 22 लाख टन मूंग उत्पादन की संभावना है। राज्य सरकार ने आठ लाख टन खरीदी का प्रस्ताव भेजा गया था। भारत सरकार ने ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,682 और उड़द के लिए 7,400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। बाजार में इससे दो-ढ़ाई हजार रुपये प्रति क्विंटल कम रेट मिल रहे थे। किसान लगातार मांग कर रहे थे कि सरकार पहले की तरह समर्थन मूल्य पर उपार्जन करे। भारतीय किसान संघ ने प्रदेशभर में इसे लेकर ज्ञापन दिए। कांग्रेस भी किसानों के समर्थन में खड़ी हुई। किसान हित को देखते हुए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय करते हुए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसे स्वीकार किया गया। 19 जून से किसानों का पंजीयन भी प्रारंभ किया जा चुका है।

*शासन ने कसा शिकंजा, वेतन रोकने तक की तैयारी, सभी अस्पतालों से मांगा गया रिकॉर्ड*

## नियमों की नकेल! अब बिना किसी कारण के अस्पताल से नहीं जा सकेंगे डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अब सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश के अस्पतालों में सार्थक एप के जरिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अब अनिवार्य कर दिया गया है। हाल ही में बैरासिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक शिशु रोग विशेषज्ञ ड्यूटी के समय निजी अस्पताल में कार्य करते पाए गए थे। इसके बाद सीएमएचओ भोपाल मनीष शर्मा ने उन्हें नोटिस जारी किया और अब व्यापक स्तर पर कार्रवाई की तैयारी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष राजधानी में सार्थक एप पर अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया था और शिकायतें आने पर इसे प्रदेशभर में मॉडल के तौर पर अपनाया गया। लेकिन अभी भी कई डॉक्टर और कर्मचारी इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों के लिए परेशानी

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि निरीक्षण के दौरान समय पर अस्पताल में मौजूद न रहना, अव्यवस्था और लापरवाही के कई मामले सामने आए, जिससे यह व्यवस्था जरूरी हो गई। हालांकि, कर्मचारी संगठनों ने इस निर्णय का विरोध किया है। इस ऐप के लागू होने के बाद धरना देकर उन्होंने कहा था कि यह व्यवस्था सिर्फ डाक्टरों पर लागू होनी चाहिए, क्योंकि फील्ड ड्यूटी या तकनीकी कारणों से कर्मचारी लागिन नहीं कर पाते। ऑनलाइन उपस्थिति अब सख्ती से लागू होगी। सभी अस्पतालों से रिकार्ड मांगा गया है। जिन कर्मचारियों की अटेंडेंस दर्ज नहीं है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## 21 बार ब्लास्ट की धमकी देने वाली लड़की अरेस्ट

**अहमदाबाद। देश के 12 राज्यों में 21 बार बम विस्फोट की धमकी देने वाली लड़की को अहमदाबाद पुलिस ने चेन्नई से अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई लड़की रेनी जोशील्डा अपने ऑफिस के युवक से एकतरफा प्रेम करती थी, लेकिन युवक ने दूसरी लड़की से शादी कर ली।**

युवक को फंसाने के लिए ही रेनी ने धमकी वाले ईमेल भेजे। इनमें गुजरात में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम और जयपुर के एमएमएस स्टेडियम में ब्लास्ट की धमकी भी शामिल है। इसके अलावा एअर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद भी एक मेल भेजकर इसकी जिम्मेदारी ली गई थी। आज (मंगलवार) भी गुजरात हाईकोर्ट को एक धमकी भरा ई-मेल मिला है, जिसमें रेनी के नाम का भी इस्तेमाल किया गया है। रेनी को चेन्नई से गिरफ्तार कर अहमदाबाद लाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ये शेड्यूल्ड मेल हो सकता है।

**रोबोटिक्स में ग्रेजुएट है आरोपी लड़की-** चेन्नई की रहने वाली रेनी जोशील्डा रोबोटिक्स में ग्रेजुएट है। अभी वह डेलॉयट में सीनियर कंसल्टेंट के तौर पर काम करती है। रेनी ने अपनी पहचान और पता छिपाने के लिए फर्जी ईमेल आईडी, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (श्ढठ) और डार्क वेब का इस्तेमाल किया।

## AIIMS ऋषिकेश ने रचा इतिहास, युवक के पैर से 35 किलो के बोन ट्यूमर को सर्जरी कर हटाया

**देहरादून।** असाध्य बीमारियों के निदान के प्रति उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के चिकित्सकों ने अब एक ऐसी उपलब्धि प्राप्त की है, जो रिकॉर्ड बनने जा रही है। यहां चिकित्सकों की टीम एक 27 वर्षीय व्यक्ति के पैर से 35 किलो वजन के विशाल ट्यूमर को सर्जरी की मदद से हटाने में सफल रही। बहुत ही घातक रूप ले चुके इस कैंसर युक्त बोन ट्यूमर की सर्जरी की सफलता के पीछे संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों का टीम वर्क और रोगी का मजबूत हौसला शामिल है। चिकित्सकों के अनुसार, इतने बड़े साईज के इस ट्यूमर की सफल सर्जरी अभी तक अपने देश में पहला रिकार्ड है। जीवन बचने की उम्मीद छोड़ चुके उत्तर प्रदेश के संभल जिले के 27 वर्षीय सलमान के चेहरे में फिर से मुस्कान लौट आई है। एम्स, ऋषिकेश में हुए इलाज की वजह से इस रोगी को न केवल नया जीवन मिला बल्कि अब उसे शरीर में बढ़ रहे कैंसर ग्रसित ट्यूमर की पीड़ा भी नहीं झेलनी पड़ेगी। बकौल सलमान, बाएं पैर में हैरतअंगेज ढंग से बढ़ रहे ट्यूमर की बीमारी का पता उसे छह साल पहले लगा था। तब एक दिन नहाते हुए पहली बार उसे महसूस हुआ कि उसकी जांघ के आस-पास एक छोटी गांठ उभर आई है। समय बढ़ने पर धीरे-धीरे उसे उठने-बैठने में परेशानी होने लगी। मर्ज बढ़ने पर रोगी ने पहले मुरादाबाद और फिर दिल्ली के कई अस्पतालों के चक्कर काटे। दवाओं के साथ जांचें चलती रहीं लेकिन मर्ज न रुका। कद्दू के साईज से बड़ा आकार ले चुके इस ट्यूमर की वजह से सलमान न उठ-बैठ पा रहा था और न ही शौच आदि कर पा रहा था। बिस्तर में चल रहे जीवन को देखते हुए किसी ने उसे एम्स ऋषिकेश जाने की सलाह दी। यहां विभिन्न जांचों के बाद ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डाक्टरों ने उसके बाएं पैर की जांघ पर बने इस ट्यूमर को सर्जरी के माध्यम से सफलता पूर्वक हटा दिया। पिछले सप्ताह नौ जून को की गई सर्जरी के बाद रोगी अब वार्ड में स्वास्थ्य लाभ ले रहा है जिसे शीघ्र ही डिस्चार्ज कर दिया जायेगा।



अधिकारियों की जांच जरूरी नहीं होगी, पहले इसकी लिमिट 1 लाख थी

## पीएफ अकाउंट से 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख

**नई दिल्ली। अब PF अकाउंट से इमरजेंसी या जरूरत के समय 72 घंटे में 5 लाख तक निकाल सकेंगे। पहले ये लिमिट 1 लाख थी। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने 24 जून को इसकी जानकारी दी। इससे पहले श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने 28 मार्च को श्रीनगर में हुई EPFO की कार्यकारी समिति (EC) की 113वीं बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया था।**

**सॉफ्टवेयर पूरा प्रोसेस करेगा, अधिकारियों की जरूरत नहीं होगी-** ऑटो सेटलमेंट में PF विड्रॉल क्लेम को सिस्टम द्वारा अपने आप प्रोसेस किया जाता है। इसमें अफसरों के हस्तक्षेप की जरूरत बहुत कम या बिल्कुल नहीं होगी। अगर आपका UAN (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) आधार, पैन और बैंक खाते से लिंक है, और KYC पूरी तरह से अपडेटेड है, तो सिस्टम आपके क्लेम की जांच करता है।



यह प्रक्रिया तेज होती है क्योंकि यह पूरी तरह से ऑनलाइन और IT सिस्टम पर आधारित होती है। ऑटो सेटलमेंट में क्लेम 3-4 दिन में प्रोसेस हो जाता है। EPFO ने कुछ खास तरह के क्लेम (जैसे मेडिकल, शिक्षा, शादी, या मकान बनाने/खरीदने के लिए) के लिए ऑटो सेटलमेंट की सुविधा शुरू की है।

**मैनुअल सेटलमेंट में 15-30 दिन लगते हैं-** इसमें PF क्लेम को EPFO के कर्मचारी सेटल करते हैं। प्रोसेस में 15-30 दिन लगते हैं।

इसके लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन फॉर्म (जैसे Form 19, 31, 10C) भरना होता है। इसके बाद EPFO कर्मचारी आपके दस्तावेज, KYC, और पात्रता की जांच करते हैं। अगर एग्जिट डेट अपडेट नहीं है या कोई दस्तावेज कम है, तो क्लेम में देरी हो सकती है। बड़े या जटिल क्लेम (जैसे रिटायरमेंट या फाइनल सेटलमेंट) में अक्सर मैनुअल जांच होती है।

**जल्द ही UPI-ATM से निकाल सकेंगे PF का पैसा-** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार EPFO 3.0 के मसौदे के तहत कर्मचारियों को जल्द ही ATM और UPI से सीधे ढ्रऋ का पैसा निकालने की सुविधा मिल सकती है। इसमें PF खाताधारकों को विड्रॉल कार्ड दिए जाएंगे। यह बैंक अळट कार्ड की तरह होगा। नई सुविधा के तहत एक तय रकम ही निकाली जा सकेगी। वहीं UPI से पैसा निकालने के लिए PF अकाउंट को वढक से लिंक करना होगा। इसके बाद सब्सक्राइबर्स PF का पैसा अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर सकेंगे।

**नौकरी जाने पर एक महीने के बाद निकाल सकेंगे PF का 75% पैसा-** अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद PF अकाउंट से 75% पैसा निकाल सकता है। इससे वह बेरोजगारी के दौरान अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। ढ्रऋमें जमा बाकी 25% हिस्से को जॉब छूटने के दो महीने बाद निकाला जा सकता है।

## चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बुलाया

**नई दिल्ली।** इलेक्शन कमीशन (EC) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेटर लिखा है। इसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया है। ANI के मुताबिक, लेटर 12 जून को मेल और राहुल के आवास पर भी भेजा गया है। एउ ने लेटर में लिखा- भारत की संसद के पारित इलेक्टोरल लॉ, उसके नियमों और समय-समय पर चुनाव आयोग के निर्देशों के जरिए बहुत सख्ती से देश में चुनाव आयोजित कराए जाते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सेंट्रलाइज्ड आयोजित की जाती है। इसमें एउ के नियुक्त 1,00,186 से ज्यादा इछड, 288 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 139 जनरल ऑब्जर्वर, 41 पुलिस ऑब्जर्वर, 71 खर्च ऑब्जर्वर और 288 रिटर्निंग अधिकारी और महाराष्ट्र में राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के नियुक्त 1 लाख 8 हजार 26 बूथ स्तरीय एजेंट शामिल हैं। इनमें कांग्रेस के 28,421 एजेंट शामिल हैं।

A C में 1000 किमी के सफर पर 20 रू. ज्यादा लगेंगे, 5 सवाल-जवाब से समझें बदलाव

## रेल किराया बढ़ाने की तैयारी, 1 जुलाई से लागू होगा

**नई दिल्ली। रेल का सफर 1 जुलाई से महंगा हो सकता है। नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हो सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। सभी बदलाव 1 जुलाई से लागू होंगे। इस तारीख के बाद का टिकट बुक करने पर नई दरों के हिसाब से किराया चुकाना होगा। रेलवे ने आखिरी बार 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था।**

### 5 सवाल-जवाब में जानें नया बदलाव...

**सवाल 1: रेलवे ने टिकट में बढ़ोतरी का फैसला क्यों लिया?**
**जवाब:** सरकार ने 5 सालों से रेल टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया था। रेलवे के सामने बढ़ते खर्चे और मेंटेनेंस की लागत को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। हालांकि ये बढ़ोतरी बहुत मामूली है, ताकि आम यात्रियों पर ज्यादा बोझ न पड़े।

**सवाल 2: टिकट की कीमतों में कितनी बढ़ोतरी होगी?**
जवाब: रेलवे ने नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में प्रति किमी 1 पैसे की बढ़ोतरी की है। वहीं, एसी क्लास (जैसे AC 2-tier, AC 3-tier) के लिए प्रति किमी 2 पैसे की बढ़ोतरी होगी। यानी अगर आप 500 किमी यात्रा कर रहे हैं, तो नॉन-एसी में 5 रुपए और एसी में 10 रुपए ज्यादा देने पड़ सकते हैं। वहीं 1000 किमी के सफर पर A C में 20 रुपए और नॉन अउ में 10 रुपए ज्यादा देने होंगे।

**सवाल 3: क्या सभी ट्रेनों के किराए में बढ़ोतरी होगी?**
जवाब: नहीं, सभी ट्रेनों पर ये बढ़ोतरी लागू नहीं होगी। सेकेंड क्लास में 500 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। यानी छोटी दूरी की यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्रियों को पहले जैसा ही किराया देना होगा। 500 किलोमीटर से ज्यादा डिस्टेंस होने पर आधा पैसा प्रति किलोमीटर ज्यादा चुकाने होंगे।




**सवाल 4: अगर मुझे और जानकारी चाहिए, तो कहां से ले सकता हूं?**
जवाब: अभी रेलवे ने जानकारी वेबसाइट पर अपडेट नहीं की है। अपडेट होने के बाद आप इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं। इसके अलावा, IRCTC की वेबसाइट या ऐप पर भी अपडेट मिल जाएंगे। आप रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी कॉल कर जानकारी ले सकते हैं।

**सवाल 5: क्या रेलवे ने हाल ही में और कोई बदलाव किए हैं?**
जवाब: हां, रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के नियमों में भी बदलाव किया है। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। यानी IRCTC की वेबसाइट या ऐप से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आपका आधार कार्ड लिंक होना चाहिए। इसके अलावा 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग में आधार-बेस्ड OTP वेरिफिकेशन भी करना होगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि तत्काल टिकट सही यात्रियों को मिले।



# मंडला जिले में बाल श्रमिकों की भारी मांग: छोटी बड़ी दुकानों में कार्य कर रहे हैं बाल श्रमिक

## जगह जगह देखें जा सकते है बाल श्रमिक मंडला जिले का श्रम विभाग कोमे में.....

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** आदिवासी बाहुल्य जिला होने के साथ साथ पिछड़ापन व बेरोजगारी गरीबी के चलते आज नगर की छोटी मोटी दुकानों से लेकर ग्रामीण अंचलो तक बाल श्रमिक कार्य करते देखे जा सकते है। सरकार की जहां एक ओर मंशा है कि हर बच्चा स्कूल जाए कोई बच्चा छूट न पाएं वही शासन के नाकों तले शहर के सबसे रिहायशी इलाके में बाल श्रम का चलन जोरों पर हैं। पूरे मंडला शहर से लेकर जिले भर में बाल श्रम की मांग और चलन जोरों पर हैं। शहर की गली गली और कूचों में बाल श्रम देखने को आसानी से मिल सकता हैं। आज बाल श्रमिक होटलों में किराना की दुकान में हार्डवेयर के साथ साथ अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं और मंडला जिले के सक्षम अधिकारी हांथ में हाथ धर कर



के बैठे हुए हैं। न कोई जबाव देही न ही कोई जिम्मेदारी तो फिर सवाल यह उठता हैं कि आखिर मध्य प्रदेश सरकार ने विभाग और विभागीय अधिकारी को आखिर किस लिए पद में बैठा रखा हैं।

### कम दाम पर मिल जाते हैं बाल श्रम

चुकीं मंडला आदिवासी बैगा बाहुल्य जिला हैं, जहां पर शिक्षा का




अभाव और जागरूकता की कमी होने की वजह से आसनी से बाल श्रम इस जिले के उपलद्व होते हैं इसलिए भी जिलें में बाल श्रम का चलन बहुत ही आसानी से उपलब्ध होता हैं। बाल श्रम की अधिकता होने की वजह से दुकानदारों और प्रतिष्ठान मालिकों को अच्छा खासा रुपया बचत के आता हैं। इसीलिए भी जिले में बाल श्रम की मांग और उपलब्धता आसानी से देखने को मिल जाती हैं।

### शिक्षा और जागरूकता की कमी तो फिर योजनाएं क्या सिर्फ दिखावा मात्र

जहां एक ओर शासन की मंशा साफ सुथरी जाहिर हैं कि शहर से लेकर गांव तक कोई बच्चा छूट न पाए हर बच्चा स्कूल जाए वही जिले में बाल श्रम की मांग और आसानी से उपलब्धता होने की वजह से शासन की मंशा पर सवाल खड़े होना लाजमी बनता हैं। जिसमें शिक्षा की कमी और जागरूकता की कमी की वजह से शासन की जो योजनाएं दिखावा मात्र के लिए हैं।

### जिम्मेदार मौन प्रतिष्ठान दुकानदार होटल मालिक हो रहें हैं मालामाल

जिले में बेहताशा और बढ़ते बाल श्रम को देख कर आसानी से समझा जा सकता हैं कि जिले में बैठे जिम्मेदार कितने सजग हैं..?? और अपने पद की जिम्मेदारी को कितनी सजगता और जागरूकता से निभा रहे हैं। वही जब इस बात की जानकारी मंडला जिले के बाल श्रम अधिकारी डी.के. जैन से लेनी चाही तो जैन साहब के फोन की घंटी तो बजती रही पर साहब के द्वारा फोन को रिसीव नहीं किया गया।





कैबिनेट मंत्री समेत अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि; नर्मदा तट पर चला स्वच्छता अभियान

## रानी दुर्गावती स्मारक पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**रेवांचल टाईम्स - मंडला। मंडला में रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर रेवांचल पार्क स्थित उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में रानी दुर्गावती को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी वीरता को याद किया गया।**

### मंत्री बोलीं- रानी दुर्गावती का जीवन प्रेरणादायक

मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि "रानी दुर्गावती का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने साहस और स्वाभिमान से इतिहास में अमर स्थान बनाया।" जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने रानी की गौरवशाली गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की बात कही। इसी अवसर पर नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में मंत्री उइके, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा और नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित कई लोगों ने श्रमदान किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता अभियान रानी दुर्गावती के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान नर्मदा तट की सफाई के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

## डिंडौरी-मंडला सड़क में महिला पुरुष ने लगाया जाम

### बैठे बीच सड़क में रखी मांगे, कहा विधायक और कलेक्टर को बुलाओ...

**रेवांचल टाईम्स - मंडला। जिले की जनपद पंचायत मंडला की ग्राम पंचायत मोहनिया पटपरा में नव निर्माण सड़क का कार्य चल रहा है जहाँ एक तरफ बारिश और दूसरे तरफ सड़क ठेकेदार की मनमानी के चलते कई लोगों के घरों में सड़क निर्माण के दौरान पानी घुसा जिसके कारण तीन से चार लोगों के मकान को क्षति पहुंची है और एक व्यक्ति का मकान गिर गया है।**

वही लोगों का कहना है सड़क ठेकेदार सड़क निर्माण को लेकर वर्षों पुरानी पुलिया को हटा दिया गया है जिसके चलते लोगों के घरों में बारिश का पानी आँगन और घर के अंदर दो से तीन फीट का भराव हो गया है जिसके कारण लोगों का बहुत नुकसान हो गया नुकसान से स्थानीय लोगो में आक्रोश फैल गया और आनन फानन में ग्रामीणों ने सुबह से ही डिंडौरी मंडला आने जाने वाले वाहनों को महिला पुरुष और बच्चों ने सड़क में चक्का जाम कर दिया गया है । ग्रामीणों कि मांग है कि जब तक पानी के निकासी के लिए पुलिया की विधिवत व्यवस्था नहीं की जाती तब तक हम अपनी मांगों को लेकर सड़क पर ही बैठे रहेंगे मौके पर पुलिस बल एवं



नायब तहसीलदार पहुंच गए हैं लेकिन लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक और कलेक्टर एसडीएम मौके पर आए हमारी समस्याएं सुने तभी हम सड़क से हटेंगे, वही दुसरी ओर ग्रामीणों के द्वारा सड़क में बैठे होने के चलते मंडला से डिंडोरी मार्ग में जाम लगने के कारण से बसों में यात्रा करने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं बस के साथ साथ अन्य वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है जिसके कारण उनमें सवार यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बीती रात में जोरदार



बारिश के चलते रात को लगभग 2 से 3 बजे मोहनियां पटपरा के वार्ड नंबर 1 के पंच के घर में पानी 2 से 3 तीन फिट घुस गया। जिससे जनहानि तो नही हुई पर घर पर रखे समान को भारी नुकसान हुआ है और कच्चे मकान गिर रहे है । वही स्थानीय कलीराम का मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है । वही प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ठेकेदार को आदेशित कर पानी की निकाशी करने पाईप लगवाया जब जाकर स्थानीय लोगों ने रास्ता छोड़ा बड़ी मशक्कत के बाद जाम खुल सका।

## भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**रेवांचल टाईम्स , मण्डला। 23 जून को जिला भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर श्री मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा पर आधारित था।**

वे मानते थे कि भारत केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक इकाई है जिसकी आत्मा सनातन भारतीय परंपराओं में निहित है। मुख्य वक्ता रोचीराम गुरवानी ने कहा कि मुखर्जी जी का मानना था कि सभी भारतीय चाहे उनकी भाषा जाति या धर्म कुछ भी हो एक साझी संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने शिक्षा राजनीति समाज और संस्कृति के सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे वर्ष 1929 में बंगाल



विधान परिषद के सदस्य बने और 1934 से 1938 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति भी रहे।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान राष्ट्रभक्त दूरदर्शी नेता आदर्श शिक्षाविद् और हम सब के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसी परम पुण्यात्मा हैं जिन्होंने देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान के कानून को ठुकराते हुए अखंड भारत के लिए 23 जून 1953 को अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

23 जून को न केवल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है बल्कि संविधान से अनुच्छेद 370 को हटाने के संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। वे कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए थे। वे अनेक बार सत्ता में आए और हमेशा विचारधारा के लिए सत्ता का त्याग भी किए थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत का विभाजन नहीं होने देना चाहते थे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं के हितों की उपेक्षा नहीं की जाए। उनके प्रयासों से हिंदुओं के हितों की रक्षा हुई और कोलकाता बंदरगाह भी पूर्वी पाकिस्तान को सौंपे जाने से बच गया था।

कार्यक्रम पश्चात मुखर्जी जी की स्मृति में भाजपा कार्यालय मण्डला में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष पारस असरानी, अखिल सिहारे, श्रीमती सुषमा मिश्रा, सुश्री शशि पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता पी.एल. डोंगरे कार्यक्रम सह संयोजक रवि सोनवानी, नगर महामंत्री सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष स्व.श्री सुनील नामदेव जी को दी गयी श्रदांजलि।

## जनसुनवाई में 76 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 76 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर




क्षमा सराफ, एसडीएम सोनल सिडाम तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी, आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने, फीस माफी, पानी निकासी, राजस्व अभिलेखों की दुरूस्ती, अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

## सीएम हेल्पलाईन के निराकरण के लिए अग्रणी शाखा प्रबंधक को कलेक्टर ने दिया मिला प्रशस्ति पत्र

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में सुजय कुमार, अग्रणी शाखा प्रबंधक, वित्त विभाग को 94.29 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रसोईयों ने तीन वर्षो से जून का शेष मानदेय भुगतान करने सौंपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिले के रसोईया उत्थान संघ समिति के पदाधिकारियों ने 24 जून को कलेक्टर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जून के महीने का तीन वर्षों से लंबित मानदेय भुगतान कराए जाने कलेक्टर, जिला पंचायत सी ई ओ और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मांगपत्र सौंपा है। ज्ञापन मांगपत्र में मांग की गई है, कि मंडला जिले के लगभग चार हजार रसोइयों को जून के महीने का भोजन पकाने का मानदेय पिछले कुछ वर्षों से भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि रसोईया 15 जून से 30 अप्रैल तक भोजन पकाने का काम लगातार करते आ रहे हैं ।बावजूद इसके जुलाई से अप्रैल तक ही मानदेय का भुगतान किया जाता है। जून के महीने का भुगतान करना पता नहीं क्यों बंद कर दिया गया है ।जबकि रसोईया मध्यान्ह भोजन पकाने का काम जून के महीने में भी बराबर करते आ रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि उनको इस कटौती के कारण परिवार चलाने में आर्थिक तंगी अधिक बढ़ जाती है,और लगभग बारह से तेरह दिनों तक का काम बेगार में चला जा रहा है,अपना दुखड़ा बताते यह भी बताया है,कि जून के महीने में उनके खेती-बाड़ी से संबंधित जरूरी काम, बच्चों के स्कूल में प्रवेश से संबंधित खर्चे वाले काम बढ़े हुए होते हैं, जिनको छोड़कर भी मध्यान्ह भोजन पकाने का काम जून के महीने में भी करते हैं । बता दें,जून के महीने के लिए मध्यान्ह भोजन के लिए शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से चावल और अन्य सामग्रियों जैसे ईंधन,किराना और सब्जियों के लिए राशि स्व-सहायता समूहों के खातों में बराबर जमा होती है, जिससे स्कूलों में जून के महीने में भी मध्यान्ह भोजन खिलाया जाता है। इस महीने में भी भोजन पकाने का काम रसोईयों से ही कराया जाता है । रसोईया उत्थान संघ समिति के संस्थापक पी. डी. खैरवार का कहना है,कि रसोइयों को पिछले तीन सत्रों सहित जून के महीने के लंबित शेष मानदेय का भुगतान सरकार जल्द करे। जून के महीने के मानदेय का भुगतान रोककर सरकार गरीब रसोईयों के परिवारों का शोषण न करे। इस अवसर पर कुंवर सिंह मरकाम, सुरेश बघेल,गायत्री पड़वार,गंगोत्री विश्वकर्मा, रम्मू साहू सहित बड़ी संख्या में रसोईया उपस्थित रहे।



## बिछिया नगर परिषद में उप चुनाव की तैयारी हुई पूर्ण

**रेवांचल टाईम्स - मंडला।** ज़िले के विकास खंड भुआ बिछिया में नगर परिषद के वार्ड नंबर 13 के पार्षद पद पर उप चुनाव किया जा रहा हैं जहां पर नगर परिषद भुआ बिछिया वार्ड नंबर 13 पार्षद के उपचुनाव हेतु भाजपा प्रत्याशी श्रीमती जानकी धुर्वे, कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राजकुमारी धुर्वे का नामांकन दाखिल दिनांक 23 /6/ 2025 करवाया गया है। पूर्व प्रत्याशी वार्ड नंबर 13 की पार्षद श्रीमती चित्रा धुर्वे चुनाव पर विजय हासिल कर बिछिया के अध्यक्ष पद को संभाला उनके स्वास्थ्य खराब चलने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी, जिस कारण से कुछ महीनो से वार्ड नंबर 13 रिक्त पद है इसलिए पार्षद का उपचुनाव कराया जा रहा है जिस वार्ड नंबर 13 में मतदाताओं में हर्षोल्लास देखने को मिल रहा है।



# प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

## शिक्षकों व विद्यार्थियों का किया गया मिला सम्मान, केरियर मार्गदर्शन भी बना आकर्षण का केंद्र



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीएमआईआर) भोपाल द्वारा शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को सम्मानित करने हेतु ह्लप्रतिभा सम्मानह्व कार्यक्रम का आयोजन 24 जून 2025 को किया गया। यह दो दिवसीय भव्य आयोजन 24 जून को राजनगर स्थित अभिनंदन भवन में सम्पन्न हुआ तथा 25 जून को अनूपपुर के कृष्णा इंटरनेशनल में संपन्न होगा। राजनगर कालरी के कार्यक्रम में भोपाल से आये प्रेस्टीज कॉलेज के प्रतिनिधि डॉ. दीपक अग्रवाल एवं प्रो. अविनाश कौर द्वारा न केवल संस्था की शिक्षा नीतियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया,बल्कि छात्रों को करियर चयन व उच्च शिक्षा से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना के उपरांत डॉ. दीपक अग्रवाल द्वारा पद्मभूषण डॉ. नेमनाथ जी को नमन करते हुए हुआ, जिसके पश्चात डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता एवं शिक्षा क्षेत्र में सतत योगदान पर विचार रखे।इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रतिभाशाली शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्मानित करना नहीं था, बल्कि यह एक ऐसा मंच सिद्ध हुआ जहाँ करियर मार्गदर्शन,स्किल डेवलपमेंट और छात्र-पालक संवाद की त्रिवेणी देखने को मिली। कार्यक्रम में लगभग 140 से अधिक छात्र-छात्राएँ, 25 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण, तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के भविष्य को लेकर कई प्रश्न पूछे,जिनका समाधान विषय विशेषज्ञों के द्वारा बड़े सहज और व्यावहारिक ढंग से किया गया। वहीं विभिन्न विद्यालयों से आये शिक्षकों ने भी मंच से प्रेरणादायक बातें साझा कीं और छात्रों को भविष्य के लिए स्पष्ट दिशा में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कोयलांचल क्षेत्र राजनगर कालरी,बिजुरी,जमुना कोतमा,रामनगर सहित छत्तीसगढ़ राज्य के एमसीबी जिले के मनेद्रगढ़ झगड़ाखांड,विद्यालयों के विद्यार्थी,प्राचार्य एवं शिक्षकगण इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। 25 जून को कान्हा इंटरनेशनल अनुपपर अमरकंटक रोड में होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार की सहभागिता करने का भी अपील किया है।

# थाने में नहीं मिला न्याय, उल्टे धमकाया गया उपसरपंच को लात मारकर अंदर कर दूंगा, सीसीटीवी की मांग



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के कोतमा थाने में पुलिस की तानाशाही और जनप्रतिनिधियों के अपमान की शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। ग्राम पंचायत गोंडारु के उपसरपंच रोहित कुमार जायसवाल ने थाने में हुई एक आपराधिक घटना की सूचना देने की कोशिश की, लेकिन जवाब में उन्हें मिली गालियां, धमकियां और बेइज्जती। मामला केवल थाना परिसर की चौखट तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतंत्र और कानून व्यवस्था की सरेआम धज्जियाँ उड़ाने वाला बन गया है।

### यह पूरा मामला?

13 जून 2025 को ग्राम दुलही बांध में रामदयाल पाव नामक ग्रामीण की ट्रैक्टर को कथित रूप से आग के हवाले कर दिया गया। रामदयाल का आरोप था कि गांव के ही मंता पाव ने चाभी छीनकर रात 10:30 बजे उसकी गाड़ी जलाई। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपसरपंच रोहित कुमार जायसवाल रामदयाल को साथ लेकर थाना पहुँचे ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और आरोपित पर कार्रवाई हो। लेकिन वहां जो हुआ, उसने उपसरपंच सहित पूरे ग्रामवासी समुदाय को झकझोर दिया।उपसरपंच के अनुसार, थाना प्रभारी रत्नावर शुक्ला ने उन्हें थाने में बुलाकर पहले तो फरियादी से "अकेले में बात" करने की बात कही, फिर रामदयाल को थाने में अपशब्द कहते हुए डराया-धमकाया। टीआई रत्नावर शुक्ला ने फरियादी को माँ की गाली देकर सही-सही बता नहीं तो उल्टा लटकाकर मारूंगा।" जब उपसरपंच ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ भी थानेदार ने अशोभनीय और आपराधिक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा "तू बहुत उपसरपंची दिखा रहा है... झूठी रिपोर्ट करवाता है... साले पहली बार आया है इसलिए छोड़ रहा हूँ, दोबारा थाने में दिखा तो जिंदगी बर्बाद कर दूंगा अभी लात मारकर अंदर कर सकता हूँ।

### पद का अपमान या पुलिस गुंडागर्दी?

ग्राम का निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बावजूद, थाने में उसके साथ किया गया व्यवहार न केवल पुलिस के गैरकानूनी और अमर्यादित रवैये को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि अब थानों में जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं हैं। यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे पंचायत व्यवस्था, जनतंत्र और संवैधानिक मयार्दाओं के साथ की गई छेड़छाड़ है। रोहित कुमार जायसवाल ने जिला पुलिस अधीक्षक से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि झ "अगर चुने हुए प्रतिनिधियों को ही थानों में अपमानित किया जाएगा, तो आम जनता की हालत क्या होगी? ऐसे टीआई को बर्खास्त किया जाए और एफआईआर दर्ज की जाए।

### सीसीटीवी की जनता ने की माँग

ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पूरे घटनाक्रम के किसी वीडियो या ऑडियो फुटेज की जांच की माँग की है। अगर सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध हैं, तो उसे सार्वजनिक किया जाए ताकि सच्चाई सबके सामने आए। मामला केवल एक थानेदार की भाषा का नहीं, बल्कि पुलिस तंत्र की मनमानी, चुने हुए प्रतिनिधियों की गरिमा और लोकतंत्र की नींव पर चोट का है। अगर इस पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में पुलिस और जनता के बीच की खाई और भी गहरी हो सकती हैं।

# नेशनल हाइवे - 43 की हालत बद से बदतर, 9 साल से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य, धूल से जनता परेशान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** देशभर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार जहां सड़कों का व्यापक जाल बिछा रही है, वहीं शहडोल से उमरिया तक का राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (NH-43) सरकारी दावों को झूठा साबित करता नजर आ रहा है। करीब 73 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण बीते नौ वर्षों से अधूरा पड़ा है। ठल्ल-43 की हालत बदहाल, यहां धूल के गुब्बार उठ रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि वर्तमान में जिस हिस्से का निर्माण कार्य हो चुका है, उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर सड़क की परतें उखड़ने लगी हैं और चारों ओर धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों को हाइवे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। निर्माण कार्य का जिम्मा संभाल रही तिरुपति बिल्डकॉन को अधिकारियों द्वारा अक्टूबर 2025 तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। एमपीआरडीसी के संभागीय अधिकारी दिनेश स्वर्णकार ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज समेत अन्य कार्य अंतिम चरण में हैं। ठेकेदार से निरंतर संपर्क कर निर्माण में तेजी लाने को कहा जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने सड़क की बदहाली पर चिंता और नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह मार्ग न केवल यातायात का प्रमुख साधन है, बल्कि क्षेत्र के विकास और व्यवसाय के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। निर्माण में हो रही देरी से उन्हें गंभीर असुविधाएं हो रही हैं।



# गांजा प्रकरण में 2 आरोपी गिरफ्तार कर मामला किया दर्ज

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के थाना चचाई में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की संतोष पटेल निवासी गांधीनगर बरगवां थाना चचाई का अपने घर से अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करता है, और घर में रखा हुआ है, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर रेड कार्रवाई की गई तो संतोष पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 50 साल निवासी गांधीनगर बरगवां घर की तलाशी के दौरान घर के अंदर एक काली पॉलीथिन में 0.516 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल कीमत 5 हजार रुपए मौके से पाया गया, उक्त आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 184/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया जाकर पाबंद किया गया। वही जिले के थाना भालूमाड़ा की पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करो एवं विक्रेताओं के विरूद्ध छापामार कार्यवाही के दौरान भालूमाडा पुलिस टीम के द्वारा ग्राम पडौर में आरोपी रामदयाल केवट पिता स्व. मंडल केवट उम्र 50 वर्ष निवासी लतार थाना भालूमाडा के कब्जे से एक प्लास्टिक के पन्नी में 520 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल कीमती जप्त माल 6000/- रुपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 281/2025 धारा 8/20बी एनडीपीएस एक्ट कायम किया गया है।

# जान से मारने की नियत से बोलेरो से टक्कर मारने वाले मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के थाना कोतमा क्षेत्रांतर्गत ठल्ल-43 शुक्ला ढ़ाबा कोतमा के बाहर बैठकर खाना खा रहे, कोतमा नगर के युवकों से कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विवाद कर जानबूझकर अमन नामदेव नामक युवक को जान से मारने की नियत से सफेद कलर की बिना नम्बर की बोलेरो वाहन से टक्कर मार दिये थे। बोलेरो गाडी की टक्कर व घसीटने से अमन नामदेव को पूरे शरीर मे कई जगह चोटे आई थी। उक्त घटना पर दिनांक 15 जून 2025 को थाना कोतमा में धारा 296,109 इठर का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान अज्ञात व्यक्तियों की पहचान संदीप साहू पिता पीथल दास साहू निवासी बहेरहा थाना गोहपारू जिला शहड़ोल ,कुलदीप यादव पिता रामसुमन यादव निवासी ग्राम तगावर थाना ब्यौहारी जिला शहड़ोल हाल वार्ड क्र. 17 शहडोल, शिवम सिंह पिता शिवनाथ सिंह उइके निवासी ग्राम बसनगरी थाना जहसिंहनगर जिला शहड़ोल के रूप में हुए जिनको थाना कोतमा पुलिस द्वारा



गिरफ्तार कर लिया गया था । मामले का मुख्य आरोपी बोलेरो का चालक सोनू उर्फ सतीश मिश्रा निवासी शहडोल घटना दिनांक से फरार था । जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी थे। कोतमा पुलिस टीम निरन्तर छापे मारी एवं दबिस देकर आरोपी की पता तलाश कर रही थी। रात्रि में आरोपी सोनू उर्फ सतीश मिश्रा पिता शिवबिहारी मिश्रा निवासी शहड़ोल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी का जेल वारंट बनने पर जिला जेल अनूपपुर दाखिल किया गया है।

# अज्ञात कारणों से नवविवाहिता ने की आत्महत्या, पुलिस ने शुरू की जांच

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में एक नई दुल्हन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रामगढ़ निवासी रचना बैस (25 वर्ष) की है, जो एक साल पहले ही अपने पति गणेश बैस के साथ विवाह बंधन में बंधी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रचना ने अपने घर में फांसी लगाने के बाद आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम किया गया




है और विस्तृत जांच की जा रही है। हमने सभी संभावित कारणों की जांच शुरू कर दी है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट हो सके। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रचना एक खुशमिजाज लड़की थी और उसके विवाह को अभी कुछ ही साल पहले हुआ था। पड़ोसियों के अनुसार, परिवार में कोई बाहरी समस्या नहीं थी, लेकिन रचना के अचानक इस कदम उठाने से सभी हैरान हैं। जांच में जुटी पुलिस ने कहा है कि वे रचना के परिवार वालों से बात कर रहे हैं और उनकी भावनाओं का ध्यान रखते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ मामले की जांच करेंगे। इस घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। रचना के परिवार का कहना है कि वे इस दुखद घटना के पीछे की सच्चाई जानने के लिए पुलिस की मदद कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला नव विवाहिता का है इसलिए मामले की जांच राजपत्रित अधिकारी करेंगे हमने मर्ग कायम किया है। विवाह एक साल पहले हुआ था।

# सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वाले शिवांश को एसपी ने किया सम्मानित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र में एक ऐसा नाम जो किसी पहचान मोहताज नहीं है वह नाम है बदरा निवासी संग्राम सिंह के पुत्र शिवांश सिंह का शिवांश सिंह पिछले लगभग 10-12 वर्षों से फुनगा प्यारी से कोतमा तक हाइवे रोड पर वाहन दुर्घटना से घायल व्यक्तियों को 24 घंटे अपनी निजी वाहन से अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य करते आ रहे हैं। इस कार्य से उन्होंने कई लोगों की जान भी बचाई है अब उन्होंने एक नई मुहिम भी चलाई जिसमें सड़क के पास खड़े गायों के गले पर एक रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य चालू किया है ताकि किसी भी दुर्घटना को रोका जा सके जानवरों के गले में रेडियम लगाने का कार्य भी शिवांश अपने स्वयं के खर्चे से कर रहे हैं इस कार्य की जानकारी जब अनूपपुर जिले के एसपी महोदय मोतिउर रहमान को लगी तो उन्होंने शिवांश सिंह को सम्मानित किया। बातचीत के दौरान शिवांश सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा लगातार सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद की गई एवं सड़क पर स्वतंत्र विचरण कर रहे मावेसियों पर रिफलेक्टिव टेप लगा कर सड़क दुर्घटनाओं



को रोकने का काम कई वर्ष से किया जा रहा , जिसे देखते हुए आज अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जी ने मेरे द्वारा किये गये सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया । साथ ही यातायात पुलिस विनोद दुबे ने "टैफिक मित्र" में जोड कर उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# जिला सीईओ ने जनसुनवाई में सुनी 110 आवेदकों की समस्याएं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 110 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं तहसीलदारों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्यांए सुनी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत करनपठार तहसील पुष्पराजगढ़ की जानबती बाई ने जल जीवन मिशन अंतर्गत घर में नल कनेक्शन कराने, ग्राम पंचायत धनगवां (पश्चिम) तहसील अनूपपुर के उमानाथ ब्राम्हण ने पट्टे की भूमि के नक्शे में सुधार कार्य कराए जाने, ग्राम दैखल तहसील अनूपपुर के दुर्गा प्रसाद सेन ने खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी करने व आयुष्मान कार्ड बनाने, अनूपपुर वार्ड नं. 10 के संजय चौधरी ने वार्ड 10 में स्थित विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने पर विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य कराए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# जिला अस्पताल के प्रसूती वार्ड में घुसा युवक, महिलाओ से की अभद्रता, सुरक्षा व्यवस्था फेल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिला चिकित्सालय शहडोल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीती रात की घटना ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर दिया। करीब 12 बजे रात एक युवक बिना किसी रोक-टोक के प्रसूति वार्ड में दाखिल हो गया और महिला मरीजों को परेशान करने लगा। युवक महिला मरीजों और यहां तक कि एक नवजात बच्चे तक पहुंच गया था। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में युवक की गतिविधियां कैद हो गईं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने शुरूआत में इसे दबाने की कोशिश की। वार्ड में घुसे मरीजों के परिजनों ने युवक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह गाली-गलौज करते हुए भाग निकला। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की मदद से युवक की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी




की पहचान ऋषि गुप्ता पिता श्रीकांत गुप्ता निवासी कल्याणपुर के रूप में हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। जिला अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, मैं भोपाल में मीटिंग में थी। जैसे ही घटना की जानकारी मिली, मैंने टीम को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं। यदि सुरक्षा में लापरवाही पाई गई तो सुरक्षा एजेंसी को नोटिस जारी किया जाएगा। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी जिला अस्पताल में छेड़छाड़, चोरी और मरीजों को परेशान करने की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद सुरक्षाकर्मी अंजान लोगों को कैसे बिना पूछताछ के वार्ड में घुसने दे रहे हैं।


# संपादकीय

## अमरीकी हमले के बाद

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान और पूरी दुनिया को झांसे में रखा और रविवार सुबह 4.30 बजे ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर 14 ह्यबंकरफोड़ बमह्न गिरा कर साबित कर दिया कि वह इजरायल के पाले में हैं। उनकी जुबान पर भरोसा न किया जाए, क्योंकि उन्होंने दो सप्ताह के बाद निर्णय लेने का बयान दिया था। जब वह ऐसा बयान दे रहे थे, तब उनके बी-2 बॉम्बर विमान उड़ान भर चुके थे। ऑपरेशन में 125 विमान शामिल थे और 75 सटीक निशाना लगाने वाले हथियार भी थे। पनडुब्बी में करीब दो दर्जन टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें भी थीं। यानी हमले की पूरी तैयारी थी और राष्ट्रपति ट्रंप शांति का राग अलाप रहे थे। अमरीका ने करीब 1.90 लाख किलो के बम गिराए। बमबारी के तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के बुनियादी परमाणु कार्यक्रमों का नामोनिशान मिटा दिया गया है। अब युद्ध खत्म कर देना चाहिए। अब ईरान के लिए शांति होगी अथवा त्रासदी। वह तबाही बहुत ज्यादा घातक होगी। ईरान के मित्र-देश रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव और ईरान के अधिकृत चेहरों का पलट दावा है कि परमाणु ठिकानों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। जो बेहद संवेदनशील सामग्री, संवर्धित यूरेनियम और अन्य सिस्टम थे, उन्हें तीन दिन पहले ही सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया था। ईरान जल्द ही परमाणु हथियार बनाने लगेगा। रक्षा विशेषज्ञ ईरान के परमाणु ठिकानों के भीतर जबरदस्त नुकसान का आकलन कर रहे हैं। उनके अनुसार, ह्यबंकरफोड़ बमह्न चट्टान को तोड़ कर अंदर घुसे। ये बम अंदर ही विस्फोट करते हैं। करीब 2 लाख किलो बारूद के विस्फोट और विध्वंस की कल्पना ही की जा सकती है। विशेषज्ञ परमाणु कार्यक्रम को शिफ्ट करने के दावों को असंभव, अव्यावहारिक और बेवकूफाना करार देते हैं। इस हमले से ईरान का परमाणु कार्यक्रम 15-20 साल पीछे धकेल दिया गया है। विशेषज्ञों का एक अलग गुट मानता है कि यदि फोर्डो, नतांज, इस्फहान परमाणु ठिकानों में तबाही हुई है, तो निश्चित रूप से विकिरण होना चाहिए था। विकिरण कहां है? ईरान इतनी जल्दी घुटने टेकने वाला देश नहीं है। उसे लंबी लड़ाई लड? का अनुभव है, लिहाजा वह इस बार भी पलटवार जरूर करेगा। यह देखना होगा कि वह अमरीका पर किस तरह के प्रहार करता है? अभी तो उसने इजरायल के बड़े शहरों में इमारतों को खंडहर बनाया है, लेकिन वह मिसाइल हमले कब तक जारी रख सकता है? बहरहाल विरोधाभासों से यथार्थ तक पहुंचना असंभव है। रूस, चीन, ईरान आदि के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक दरमियानी रात 12.30 बजे के करीब हुई। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की आपात बैठक 23 जून को तय थी। दोनों आपात बैठकों के निर्णयों और निष्कर्षों का विश्लेषण बाद में करेंगे। फिलहाल यह सवाल मौजू और गंभीर है कि अमरीका के घातक, विध्वंसक, कथित बर्बर हमले के बाद ईरान क्या करेगा? युद्ध में ईरान में 950 से अधिक मौतें हो चुकी हैं और 4000 से ज्यादा घायल हैं। यह डाटा बढ़ता जा रहा है। यदि ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान केंद्रों, बेहद संवेदनशील प्रयोगों और सर्वंर्धित यूरेनियम का वाकई नामोनिशान मिटा दिया गया है, तो पश्चिम एशिया में इजरायल एकमात्र परमाणु शक्ति संपन्न देश रह जाएगा। मध्य-पूर्व में किसी भी देश के पास परमाणु शक्ति नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान को अब युद्ध समाप्त कर देना चाहिए और कूटनीति, संवाद की मेज पर आ जाना चाहिए। अमरीकी हमले के बाद ईरान अब परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर आने पर विचार कर रहा है। अनुच्छेद 10 के तहत यह उसका अधिकार है। ईरान के सामने सामरिक विकल्प बहुत सीमित हैं। उसके सामने ह्यआगे कुआं, पीछे खाईह्न वाली स्थिति है। हालांकि ईरान की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर यह भी चिंता है कि युद्ध को विस्तार न दिया जाए। उसने संसद में प्रस्ताव पारित कर ह्यहोर्मुज जलडमरूमध्य मार्गह्न को बंद करने का जो प्रस्ताव पारित किया है, वह आत्मघाती साबित हो सकता है। यह मार्ग बंद होने से दुनिया भर का 26 फीसदी तेल-व्यापार और अन्य समुद्री कारोबार प्रभावित होगा। भारत पर चौतरफा प्रभाव पड़ेंगे, यह विश्लेषण हम लिख चुके हैं। बहरहाल अब यह युद्ध किसी भी तरह रुकना चाहिए। दोनों पक्षों को व्यापक क्षति हो रही है।

# आपातकाल विस्मृत न हो

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं।




ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।

यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया।

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नजदीकी जेल में जबरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, ''आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। खास कर, युवाओं को आजाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।'' देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।

आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

24 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा- ''जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है।''

इमरजेंसी के विरोध में केंद्र की बीजेपी सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। असल में, 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का मकसद संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को परिचित कराना है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, ''जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन यह खास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है।'' हमें अपने कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि न्यू इंडिया के सपने को साकार कर सकें।

## राशिफल

**मेष राशि :-** मानसिक बेचैनी, दुर्घटनाग्रस्त होने से बचें, अधिकारियों से तनाव बनेगा।

**वृष राशि :-** योजनाए फलीभूत हों, सफलता के साधन जुटायें, विशेष लाभ होवेगा।

**मिथुन राशि:-** अचानक उपद्रव कष्टप्रद हो, विशेष कार्य स्थिगित रखें, कार्य अवरोध होवेगा।

**कर्क राशि :-** परिश्रम से कुछ सफलता मिले, कार्य व्यवसाय की विशेष चिन्ता बनेगी।

**सिंह राशि :-** किसी अपवाद व दुर्घटना से बचें, व्यवसायिक क्षमता में बाधा होगी।

**कन्या राशि:-** व्यवसायिक गति उत्तम, चिन्ताएह कम होंगी, अवरोध के बाद कार्य बनेंगे।

**तुला राशि :-** मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता के योग बने तथा कुटुम्ब में क्लेश होगा।

**वृश्चिक राशि :-** सामर्थ्य वृद्धि के बाद तनाव भड़के, झगड़े अवश्य होंगे। बचकर रहें।

**धनु राशि :-** कुटुम्ब की समस्याएह कष्टप्रद हों, तनाव तथा व्यर्थ धन का व्यय होगा।

**मकर राशि :-** योजनाएह फलीभूत हो, सफलता के साधन अवश्य जुटायें तथा कार्य बनेंगे।

**कुंभ राशि :-** स्वाभाव में

# स्ट्रेस कर सकता है आपके दिमाग की बैटरी डाउन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानसिक तनाव और स्वास्थ्य का आपस में गहरा संबंध है। लंबे समय तक तनाव में रहने की वजह से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है। Stress के कारण हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि का जोखिम बढ़ता है। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। इसके कारण अनिद्रा, स्ट्रेस, एंजाइटी आदि की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए योग, ध्यान, नियमित व्यायाम, सही आहार, सोशल सपोर्ट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, काम से ब्रेक लेना, अपनी हॉबीज के लिए समय निकालना और दोस्तों के साथ समय बिताना बेहद जरूरी है। इसके अलावा, कुछ ऐसे फूड्स भी हैं, जिनकी मदद से स्ट्रेस कम करने में मदद



मिलती है। आइए जानें किन फूड्स को खाने से Stress Relief करने में मदद मिल सकती है।

### डार्क चॉकलेट

इसमें फ्लोवोनॉल्स नामक केमिकल कंपाउंड पाया जाता है, जो दिमाग को शांत रखने का काम करता है। साथ ही, याददाश्त मजबूत बनाने में मदद करता है।

### फैटी फिश

इस तरह की मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर मात्रा में होता है, जो तनाव को कम करने में मदद करता है और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है। साल्मन, टूना आदि फैटी फिश होती हैं।

### पीनट बटर

इसमें पोलिफेनोल्स और विटामिन ई होता है, जो स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है और मन की शांति को बढ़ाता है।

### ब्लू बेरीज

इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं. जो तनाव को कम करने में मदद करते हैं और मानसिक चिंता को दूर करते हैं।

### चेरी टोमाटो

इसमें लाइकोपीन होता है, जो तनाव को कम करने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है।

### फरमेंटेड फूड्स

फरमेंटेड फूड्स जैसे- दही, केफिर, किम्ची आदि के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव को कम करता है।

### केला

इसमें विटामिन बी6 और पोटेशियम होता है, जो सेरोटोनिन को बढ़ाता है। इससे मानसिक तनाव कम करने में मदद मिलती है।

### नारियल

इसमें मानसिक तनाव को कम करने में मदद करने वाले पोषक तत्व होते हैं। इसलिए इससे स्ट्रेस से छुटकारा मिल सकता है।

### मशरूम

इसमें विटामिन डी होता है, जो स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है।

# मेंटल हेल्थ के लिए चमत्कारी हो सकती हैं सेंटेड कैंडल्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंटेड कैंडल्स दशकों से रोमांस का प्रतीक रही हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह कैंडल्स जलाने से स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं? स्ट्रेस कम करने से लेकर काम में सुधार तक सेंटेड कैंडल्स के कई फायदे होते हैं। कई लोग स्ट्रेस से बचने के लिए अपनी पसंदीदा सेंटेड कैंडल्स घर में अपने फ्री टाइम में जलाते हैं। इसको कैंडललाइट थेरेपी भी कहा जाता है।

### स्ट्रेस कम होता है

सेंटेड कैंडल्स का इस्तेमाल करने से स्ट्रेस काफी कम हो जाता है। स्ट्रेस से राहत इसके सबसे बड़े लाभों में से एक है। जब हम अच्छी सुगंध महसूस करते हैं तो यह हमारे खुश हामोनों को प्रभावित करता है और चिंता को कम करता है, जिससे तनाव कम होता है।

### अच्छा महसूस होता है

सेंटेड कैंडल्स वातावरण में शांत गुण जोड़ती हैं, वे आपको तरोताजा और अच्छा महसूस करने में मदद करा सकती हैं। आप हवा में एक नई एनर्जी और पॉजिटिविटी का एहसास महसूस कर सकते हैं।

### नींद में सुधार

रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ और तनाव और खराब रुटीन की आदतें हमारी नींद के पैटर्न पर प्रभाव डाल सकती हैं। इसलिए, आजकल बहुत से लोग रात के अंधेरे में रहते हैं क्योंकि उन्हें सोने में परेशानी होती है। लैवेंडर जैसी सुगंधित मोमबत्ती जलाने से आपको शांति और आराम महसूस हो सकता है।

### याददाश्त में सुधार

हमारी सूंघने की क्षमता पांच इंद्रियों में से सबसे स्टॉन्ग इंद्रियों में से एक होती है। विज्ञान के अनुसार खुशबू ब्रेन में लिम्बिक सिस्टम को जगाती है और ब्रेन की मेमोरी को बढ़ाती है।

### ब्रेन को स्ट्रॉन्ग बनाता है

सेंटेड कैंडल्स में दिमाग बढ़ाने वाले गुण होते हैं। दालचीनी, बादाम और पुदीना जैसी कुछ सुगंधें आपके ब्रेन को प्रभावित कर सकती हैं और एकाग्रता को बढ़ा सकती हैं। इसलिए, अपने आफिस में इनका इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है।

# बैरिस्टर बाबू में अनिरुद्ध का किरदार निभा रहे प्रविष्ट मिश्रा ने कहा, यह शो हर उस आवाज के बारे में है, जिसे कभी दबा दिया गया था

जबलपुर रेवांचल टाईम्स। कलर्स रिश्ते पर बैरिस्टर बाबू में टेलीविजन का वह अध्याय फिर से शुरू हो रहा है, जिसने रूढ़िवादी परंपराओं पर सवाल उठाते हुए शिक्षा व जागरुकता की मदद से सशक्तीकरण को पुनः परिभाषित किया था। आजादी से पहले के बंगाल की पृष्ठभूमि में स्थित इस शो में अनिरुद्ध रॉय चौधरी का जीवन दिखाया गया है। वो लंदन से लौटे एक बैरिस्टर हैं, जो रूढ़िवादी परंपराओं को चुनौती देते हैं। उनके जीवन में यह मोड़ एक 8 साल की बच्ची बोंदिता से उनके विवाह के बाद आता है। उनके सहयोग से बोंदिता सामाजिक बुराईयों पर सवाल उठाती है और खुद एक बैरिस्टर बनती है। कलर्स रिश्ते का यह शो अब डीडी फ्री डिश के माध्यम से और ज्यादा दर्शकों तक पहुँच रहा है। इसके मुख्य अभिनेता, प्रविष्ट मिश्रा ने बताया कि बैरिस्टर बाबू का किरदार उनके दिल के काफी करीब है।

कलर्स रिश्ते पर बैरिस्टर बाबू फिर से प्रसारित हो रहा है, आपको कैसा महसूस हो रहा है?

बैरिस्टर बाबू को एक बार फिर से प्रसारित होते देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार यह कलर्स रिश्ते पर प्रसारित हो रहा है। यह शो सबसे अलग था क्योंकि यह केवल मनोरंजन के लिए नहीं था, बल्कि इस शो में एक उद्देश्य, गहराई और सामाजिक संदेश था। अब यह नए दर्शकों के बीच आ रहा है, जिससे मुझे गर्व महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि इस शो ने सही समय पर सही सवाल खड़े किए। मुझे उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

हमें उत्तर प्रदेश से अपने संबंध के



बारे में बताईये?

मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ, लेकिन मेरा संबंध उत्तर प्रदेश से है। मेरे पिता जौनपुर और माँ आजमगढ़ से थीं। मेरे परनाना वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पुजारी थे। इसलिए उत्तर प्रदेश मेरे जीवन का हिस्सा है। हमारे घर में हमेशा हिंदी बोली जाती थी, इसलिए एक अभिनेता के रूप में मुझे इससे बहुत मदद मिली। हिंदी भाषा को अच्छी तरह से समझने के कारण, खासकर बैरिस्टर बाबू जैसे शो में मुझे किरदार को आत्मसात करने में बहुत मदद मिली।

हमें अनिरुद्ध के बारे में बताईये, जिसका किरदार आपने निभाया है।

### जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनीं 104 आवेदकों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

# साहब मामला कोर्ट में लंबित सेवानिवृत्त के बाद नहीं हो रहा भुगतान

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचे 104 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विंकी सिंह उइके, विवेक गुप्ता एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।**



## स्वत्वों का भुगतान करायें

जनसुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त पटवारी सुरेन्द्र सिंह ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं विजयराघवगढ़ तहसील से अगस्त 2024 में सेवानिवृत्त हुआ हूँ और मेरा प्रकरण कटनी जिला कोर्ट में विचाराधीन है। सेवानिवृत्ति के पश्चात मुझे पेंशन नियमों के तहत ग्रेच्युटी की राशि के साथ जीआईएफ, डीपीटी, पीबीएफ एवं जीआईएस आदि का नियमानुसार भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। मैं लकवाग्रस्त हूँ एवं राशि के अभाव में उचित इलाज व परिवार के भरण-पोषण कर पाने में असमर्थ हूँ। इस पर विजयराघवगढ़ तहसीलदार को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## सोलर पंप लगवाए

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत खिरहनी निवासी राकेश गुप्ता पिता रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2017 में मैंने सोलर पंप योजना के तहत सोलर पंप लगाने के लिए मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम में आवेदन एवं 5 हजार रुपए की डीडी जमा की थी। परंतु अभी तक सोलर पंप नहीं लगाया गया है। बिजली के अभाव में कृषि करने में समस्या होती है। इस पर जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## आबादी पट्टा दिलायें

विजयराघवगढ़ निवासी मनसुखलाल ने बताया कि मैं कच्चे मकान में रहता हूँ। मेरे द्वारा विद्युत कनेक्शन, नल कनेक्शन, मकान टैक्स का भुगतान समय पर किया जाता है। परंतु इस भूमि का भू-अधिकार पट्टा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए सर्वे कराकर भू-अधिकार का पट्टा प्रदान किया जाये ताकि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके।

## काम पर वापस रखवायें

सरसवाही निवासी छुट्टन पिता दमरिया रैदास ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं वर्ष 2022 से सरसवाही नर्सरी में कार्य कर रहा हूँ। विगत दिनों नर्सरी के लिए पेड़ में चढ़कर बीज तोड़ने के दौरान पैर फिसलने से गिरने के कारण कमर एवं पैर में चोट आ गई है। इसके बाद नर्सरी द्वारा मेरा इलाज कराने से मना किया जा रहा है एवं मुझे काम पर नहीं रखा जा रहा साथ ही रूका हुआ वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इस पर वनमंडलाधिकारी को समय-सीमा में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### निगमायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को सौंपे दायित्व

# जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाएगी आवश्यक व्यवस्था

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 जून शुक्रवार को जगन्नाथ स्वामी मंदिर से आयोजित होने वाली रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त व्यवस्था निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इस संबंध में निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी करते हुए 27 जून दिन शुक्रवार को यात्रा मार्ग जगन्नाथ मंदिर, जगन्नाथ चौक, आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, कमानिया गेट एवं सब्जी मंडी मार्ग राधा कृष्ण मंदिर के पास तथा यात्रा वापसी तिथि 4 जुलाई शुक्रवार को सायं 6 बजे और 7 जुलाई दिन सोमवार को भंडारा कार्यक्रम के आयोजन के अवसर पर निगम की समस्त आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करानें के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में निगम के अधिकारियों को यात्रा दिवस एवं यात्रा वापसी दिवस के दौरान प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण एवं जूलूस मार्ग में विशेष साफ-सफाई चूनें की लाईन, कीटनाशक दवा का छिड़काव, कचरा संग्रहण वाहन की व्यवस्था, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, मार्ग के गढडों की आवश्यक मरम्मत, जुलूस एवं भंडारे के दोरान आवश्यक पेयजल व्यवस्था एवं जुलूस मार्ग में पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रमण को हटानें की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने समस्त अधिकारियों को सौपे गए दायित्वों का निर्वहन निर्धारित समय पर करने हेतु निर्देशित किया है।

**समग्र ई. के.वाय.सी की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन बुधवार को ऑडिटोरियम में-** नगर निगम उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता के निर्देश पर समग्र ई. के.वाय.सी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार 25 जून को दोपहर 2 बजे से किया गया है। उक्त संबंध में उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता ने बैठक में सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, योजना प्रभारी, राजस्व उपनिरीक्षक, वार्ड वसूली कर्ता, वार्ड दरोगा, कम्प्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स नगर पालिक निगम कटनी, सेल्समैन उचित मूल्य दुकान, सर्व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियत समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

# राजस्व रिकॉर्ड सुधार संबंधी गलत प्रतिवेदन देने वाला बचैया का पटवारी सुबोध साहू निलंबित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। अनुविभाग बहोरीबंद के पटवारी हल्का नंबर 45 ग्राम बचैया के पटवारी सुबोध साहू को राजस्व रिकॉर्ड में सुधार संबंधी प्रतिवेदन बिना अभिलेखों के परीक्षण और स्थल का मौका मुआयना किये बिना आवेदक बचौया निवासी श्री मारू पिता करोड़ीलाल के संबंध में जानबूझकर गलत प्रतिवेदन देना महंगा पड़ गया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने पटवारी श्री साहू के कृत्य को घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता मानते हुए पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में पटवारी श्री साहू का मुख्यालय तहसील कार्यालय बहोरीबंद नियत किया गया है और निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।**

## यह है मामला

कलेक्टर श्री यादव की विशेष मौजूदगी में गुरूवार 19 जून को ग्राम बचैया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान यह मामला संज्ञान में आया। जिसमें बचैया निवासी श्री मारू द्वारा बताया गया कि खसरा नंबर 205/1, 893/1, 901/1 कुल रकबा 1.18 हेक्टेयर में दर्ज आवेदक के नाम को सुधार किये जाने का आवेदन दिया गया था। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर आवेदन के संबंध में जांच किए जाने पर पाया गया कि आवेदक द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में प्रचलित मामले के संबंध में तत्कालीन हल्का पटवारी सुबोध साहू द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। यह जांच प्रतिवेदन पटवारी द्वारा आवेदक से बिना कोई संपर्क किए और आवेदन के संबंध में पटवारी द्वारा कोई दस्तावेज प्राप्त करना एवं मौके पर जांच करना नहीं पाया गया। पटवारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के साथ मौका पंचनामा निर्मित नहीं किया गया। बिना मौका जांच और आवेदक श्री मारू से दस्तावेज प्राप्त किए पटवारी श्री साहू द्वारा आवेदन में प्रस्तुत दस्तावेजों को नजरअंदाज करते हुए एसडीएम कोर्ट में प्रस्तुत आवेदन को जानबूझकर खारिज कराये जाने की मंशा से गलत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना पाया गया। जिससे आवेदक को अपने आवेदन में उल्लेखित त्रुटि सुधार योग्य होने के बावजूद दूषित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से तत्कालीन पीठासीन अधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दिया गया। जिससे आवेदक को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ा तथा उसका राजस्व अभिलेखों में नाम सुधार न होने से अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है। इसलिए पटवारी साहू के इस कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन होकर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### अवैध कब्जे को हटाने पहुंचा प्रशासनिक अमला, अवैध निर्माण पर चली जेसीबी

# पड़रवारा की शासकीय भूमि पर ललित मित्तल ने किया था कब्जा

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने मुड़वारा तहसील के हल्का नंबर 44 ग्राम पड़रवारा की शासकीय भूमि पर ललित मित्तल के द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए आज संयुक्त टीम के जरिए कार्रवाई करवाई गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण पर जेसीबी चलाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया।**



अवैध निर्माण को हटाने के लिए एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा द्वारा टीम गठित की गई थी जिसमें तहसीलदार कटनी नगर बीके मिश्रा, नायब तहसीलदार आकशदीप नामदेव, प्रभारी राजस्व निरीक्षक सुभाष गर्ग, हल्का पटवारी तुलाराम बर्मा और हल्का पटवारी पड़रवारा अमित कनकने को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा इस टीम में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी को भी रखा गया था। एसडीएम कटनी श्री मिश्रा ने बताया कि ग्राम पड़रवारा की खसरा नंबर 46 की 0.20 हेक्टेयर भूमि शासकीय राजमार्ग से लगी हुई है। जिस पर अनाधिकृत रूप से ललित कुमार मित्तल वल्द सी आर मित्तल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटनी द्वारा अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। तहसीलदार कटनी नगर बीके मिश्रा की रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आज की गई।

# न्यायालय परिसर से फरार हुये आरोपी को ढीमरखेड़ा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। ढीमरखेडा पुलिस की गिरफ्त से गत 23 जून 25 को न्यायालय परिसर से हथकड़ी सहित फरार हुए आरोपी को दोबारा ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफतार कर लिया है।**



जानकारी के अनुसार 23 जून 25 को थाना ढीमरखेडा के अपराध कंमाक 155/25 धारा 296, 115(2), 118(1), 118(2), 351(3) बीएनएस के आरोपी बल्लू सिंह तेकाम निवासी ग्राम जामुनचूआ को गिरफतार कर माननीय न्यायालय जेएमएफसी महोदय ढीमरखेडा के न्यायालय में पेश करने ले जाया गया था। जहां से आरोपी बल्लू भीडभाड का फायदा उठाकर हाथ में लगी हथकडी को जंजीर सहित छुडाकर अभिरक्षा से फरार हो गया था। जिसकी सूचना थाना प्रभारी मो. शाहिद को प्राप्त हुई। सूचना पर मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी ढीमरखेडा द्वारा वरिष्ट अधिकारियों से प्राप्त निर्देश और मार्गदर्शन उपरांत आरोपी की तलाश हेतु टीम बनाकर तलाश की गई। पूरी रात की गई कडी मेहनत से आरोपी बल्लू को ग्राम परसेल से चंद घंटो के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त कायार्वाही में थाना प्रभारी मो. शाहिद एंव उनकी टीम के अथक प्रयास कडी मेहनत से चंद घंटो में अभिरक्षा से फरार आरोपी को गिरफतार कर लिया गया है। आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी ढीमरखेडा मो. शाहिद, उनि सुरेश चौधरी, सउनि जयंचद, प्र.आर. दीपक श्रीवास, पंकज सिंह, आर अजय धुर्वे, आर. जागेश्वर कुंजाम, आर. देवेन्द्र अहिरवार का विशेष योगदान रहा।

# पी.जी. डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश पाठ्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र अंतर्गत आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश, पाठ्यक्रम का नवीन सत्र एक जुलाई से भोपाल में प्रारंभ हो रहा है। वांछित योग्यता रखने वाले शिक्षक अपने आवेदन ऑनलाइन rsk.mpo»»fli»»fe.gov.i»f के माध्यम से 25 जून तक प्रेषित कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण की नवीन पद्धतियों, नवाचारों व भाषा के विभिन्न कौशलों से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन शिक्षकों को अपने विद्यालयों में बेहतर अंग्रेजी भाषा शिक्षण एवं विभिन्न स्तरों पर आवश्यकतानुसार शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यपुस्तक लेखन एवं सामग्री निर्माण के कार्यों में भी नियोजित किया जाता है। शासकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ ऐसे योग्य व्याख्याता, उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, जो न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि रखते हों तथा जिनकी आयु एक जुलाई, 2025 को 50 वर्ष से अधिक न हो एवं जिनके पास कम से कम एक वर्ष का अंग्रेजी अध्यापन का अनुभव हो वह निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यह पाठ्यक्रम इस वर्ष एक जुलाई, 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक जिले से दो आवेदकों को स्क्रूटनी के बाद प्रवेश दिया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को इस संबंध में निर्देश दिये हैं।



# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लगातार आयोजित हो रहे शिविरों जनजातीय हितग्राहियों मिल रहा लाभ

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** सिवनी जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आठों विकासखंड की 13 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें छपारा विकासखंड के जोगीवाडा, खमरिया एवं इमलीपठार में शिविर आयोजित हुये। इसी तरह घंसौर विकासखंड के बम्हनी, रजरवाडा, कटिया, पिपरिया में, सिवनी विकासखण्ड के झीलपिपरिया, उमरिया, चुटका में, केवलारी विकासखंड के अहरवाडा में, बरघाट विकासखण्ड के उमरवाडा में, कुरई विकासखंड के सेटेवानी में शिविर आयोजित हुए। आयोजित शिविर में जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की गई। इन योजनाओं का मिल रहा लाभ- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बसपा का रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी कार्यक्रम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** लखनादौन में बहुजन समाज पार्टी द्वारा विरांगना रानीदुर्गवती बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा ने कहा 14 वी शताब्दी से लेकर 18 वीं शताब्दी तक देश के विभिन्न हिस्सों पर आदिवासी समाज के लोगों राज रहा वहां आदिवासियों के साथ साथ सभी समाज के लोग अमन चैन की जिंदगी जीते रहे और उसमें भी खासकर गढ़ मंडला के गोंड राजवंश के समय में सभी जाती और समाज में भाईचारा था इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में काफी विकाश हुआ लेकिन आजादी के बाद देश हो या प्रदेश में पूंजी/जातिवादी सोच के दलों की खासकर कांग्रेस हो या वर्तमान में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के कारण आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों के साथ साथ धार्मिक अल्प संख्यक समाज के लोगों को उनका



संवैधानिक अधिकार पूर्णतः नहीं मिल रहा है यह चिंता का विषय है । जबकि प्रदेश के 19 जिलों में अनुसूची पांच लागू है उसमें सिवनी भी शामिल है जिसके कारण सिवनी जिले से दो विधायक आदिवासी एवं मंडला सिवनी संसदीय क्षेत्र से आदिवासी सांसद है वह भी एक ही व्यक्ति पिछले 35 ,40 वर्षों से लगातार चुनकर के आ रहा है एवं जिले के पांच जनपदों में अध्यक्ष आदिवासी है फिर भी आदिवासी समाज के ऊपर अन्याय,अत्याचार के साथ,साथ शोषण हो रहा है इसका एक मात्र कारण है जिन पूंजीवाद,जातिवाद दलों से आदिवासी , समाज के लोग विधायक, सांसद चुनकर जाते है कहीं टिकट न कट जाए और चुनाव लड़ने पैसा नहीं मिलेगा उन दलों से ऐसी सोच के कारण लोग कांग्रेस/ भाजपा जैसे पार्टी के प्रति तो वफादार होते हैं लेकिन अपने आदिवासी समाज के प्रति वफादार/ ईमानदार नहीं होते है। इस कारण आदिवासी समाज का विकाश नहीं हो पा रहा है लेकिन मेरा इस मौके पर आदिवासी भाइयों के साथ साथ सभी से अपील है दलितों,पिछड़ों धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के साथ साथ अपर कास्ट के गरीब भाइयों के साथ भाईचारा बनाकर सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति के लिए समानता,स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं न्याय पर आधारित पार्टी बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाकर अपना संपूर्ण संवैधानिक अधिकार प्राप्त करें, संगोष्ठी को डोमन लाल अहिरवार ताम सिंह परते जिला प्रभारी, लालसिंह नंदोरे जिला अध्यक्ष, प्रेमचंद साहू जिला साहू , रामभवन डहेरिया, जिला कोषाध्यक्ष, रामसिंह रजक विधानसभा प्रभारी बाबूलाल सींगोरे कोषाध्यक्ष लखनादौन छबिलाल कमलेशिया गौरीशंकर नेमा भी संबोधित किया संगोष्ठी की अध्यक्षता एड नरेंद्र अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष द्वारा किया।

### पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में संचालित होगा केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी

# केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी में प्रवेश हेतु 25 जून से 4 जुलाई तक भरे जा सकेंगे फार्म

**कटनी । जिले के लिए स्वीकृत हुआ नया केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी, नगर निगम कार्यालय के समीप स्थित पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में संचालित होगा। स्कूल के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु पंजीकरण फॉर्म भरे जाने की प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से बुधवार 25 जून से शुरू हो जाएगी।**




कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के अभिभावकों और पालकों से आग्रह किया है कि वे केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी की कक्षा एक, कक्षा दो, कक्षा तीन, कक्षा चार एवं कक्षा पांचवीं में प्रवेश हेतु पंजीकरण फॉर्म ऑफलाइन माध्यम से बुधवार 25 जून से 4 जुलाई तक विद्यालय में पहुंच कर भर सकते हैं। इन उल्लेखित दिवसों में प्रवेश फॉर्म विद्यालय में प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक जमा किए जाएगें। प्रवेश से संबंधित विस्तृत एवं आवश्यक जानकारी केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी के सूचना पटल पर भी देखी जा सकती है। इस विद्यालय के लिए नये प्राचार्य के तौर पर श्री नवल किशोर पचौरी की पदस्थापना भी कर दी गई है। केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी के इसी सत्र से संचालन के लिए 7 बाय 7 मीटर क्षेत्रफल के 15 कमरे केन्द्रीय विद्यालय संचालन हेतु उपलब्ध कराये गए हैं। यहां इस भवन की रंगाई-पुताई और रंग-रोगन के अलावा कमरों और शौचालयों की मरम्मत कर भवन और कमरों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया।

# मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से

## 8 अगस्त तक चलेगी विधानसभा की कार्यवाही, जल्द नोटिफिकेशन होगा जारी




भोपाल। विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा, जो 8 अगस्त तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी करेगा। मानसून सत्र में राज्य सरकार विधेयकों के साथ पहला अनुपूरक बजट भी पेश करेगी, जिसे सदन की मंजूरी मिलना तय है। इसी को लेकर तीन दिन पहले मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के बीच मुलाकात हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तीन दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके बंगले पर मिलने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों के बीच मानसून सत्र को लेकर अंतिम चर्चा हुई। इसके बाद सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल से मंजूरी ली गई। माना जा रहा है कि एक-दो दिन में विधानसभा सचिवालय सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर देगा। इस सत्र में मानसूत्र सत्र में दस बैठकें होने की संभावना है।

**विधायकों को मिल सकते है टैबलेट :** विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही को पिछले साल ई विधान से जोड़ने का फैसला किया गया था। ऐसे में 28 जुलाई से होने वाले सत्र में ई विधान के चलते विधायकों को टैबलेट दिए जा सकते हैं। इसमें सदन सभी सभी जानकारी के साथ प्रश्नोत्तरी, प्रदेश सरकार का बजट, विभागीय प्रतिवेदन समेत अन्य जानकारी डिजिटल फार्मेट में उपलब्ध रहेगी। विधायकों को तकनीकी के आधुनिक सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया में यह बड़ा कदम बताया जा रहा है। एनआईसी द्वारा इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पिछले माह प्रजेंटेशन भी दिया जा चुका है।

**पिछले साल एक जुलाई से शुरू हुआ था मानसून सत्र :** पिछले साल विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू हुआ था। इसके लिए 19 जुलाई तक का समय तय किया गया था। हालांकि सत्र समय से पहले समाप्त हो गया था। इस सत्र में कुल 14 बैठकें तय की गई थीं। लोकसभा चुनाव के चलते मार्च 2024 में सरकार का बजट नहीं आ सका था। ऐसे में मानसून सत्र के दौरान तीन जुलाई को मोहन सरकार का पूर्ण बजट आया था। इसके पहले फरवरी में सरकार ने लेखानुदान पारित कर चार माह के बजट का इंतजाम किया था।

# भोपाल में सड़क पर बहा दी अवैध शराब

## आबकारी विभाग की कार्रवाई, पड़रिया गांव में महिला बना रही थी; पुलिस को देखते ही फरार हुई

भोपाल। भोपाल में अवैध शराब बनाने और बेचने पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। मंगलवार को शांतिनगर, पड़रिया और हरिपुरा क्षेत्र में दबिश देकर कुप्पों में भरी शराब जब्त की। इसके बाद टीम ने शराब जब्त करके जमीन पर बहा दी। करीब 32 कुप्पों में भरी शराब जमीन पर बहाकर नष्ट की गई।



आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि भोपाल से करीब 12 किलोमीटर दूर शांति नगर में लखन बंजारा के घर दबिश देकर लगभग 15 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। पड़रिया गांव में एक महिला के घर से 2 प्लास्टिक कुप्पी में करीब 25 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। वहीं, 32 कुप्पों में भरी 500" महुआ लाहन व शराब निर्माण सामग्री को बरामद कर कब्जे में लिया गया। कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची महिला भाग निकली। उसके यहां से करीब सवा लाख रुपए कीमत की शराब एवं अन्य सामान जब्त किए गए हैं। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं 34(1) च के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए हैं।

### आईएएस नियाज खान का बॉलीवुड पर हमला:कहा-

# क्या धर्म को प्रतिशत में बांटा जा सकता है, सनातन धर्म के लिए खतरा है बॉलीवुड



भोपाल। एमपी कैडर के आईएएस अफसर और नॉवेलिस्ट नियाज खान ने बालीवुड फिल्मों की डॉयरेक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और कोरियोग्राफर फराह खान द्वारा धर्म को लेकर दिए बयान पर हमला बोला है। फराह खान ने कहा है कि उनके बच्चे 50 प्रतिशत हिन्दू, 25 प्रतिशत मुस्लिम, 25 प्रतिशत पारसी और 100 प्रतिशत हिन्दू हैं। उनके बयान पर आईएएस नियाज खान ने टिप्पणी करते हुए लिखा है कि क्या ये संभव है? क्या धर्म को प्रतिशत में बांटा जा सकता है? बॉलीवुड सनातन धर्म के लिए बड़ा खतरा है लेकिन मेरे अलावा कोई नहीं बोलता। मंगलवार को एक्स पर ट्वीट कर नियाज खान ने यह बातें कहीं। उन्होंने आज ही एक अन्य ट्वीट में कहा कि यदि वेदों पर विश्वास हो तो हर कोई जानता है कि भगवान ब्रह्मा ने ब्राह्मणों को सर्वोच्च कार्य सौंपा था और वह है धर्म का कार्य। ब्राह्मणों को समाज के मार्गदर्शन के लिए भी बनाया गया था। ऐसे में अगर हम ब्राह्मणों से नफरत करते हैं तो वह भगवान ब्रह्मा का अपमान है। निर्णय आपका है। 23 जून को खान ने ट्वीट में कहा कि पूरा सनातन धर्म ब्राह्मणों के सशक्त कंधों पर टिका है। ब्राह्मण कमजोर होगा तो सनातन धर्म कमजोर होगा। साथ ही यह भी लिखा कि कुछ भी हो जाए इंसानियत के साथ हमेशा खड़े रहना चाहिए। मन में नफरत रखने से व्यक्तित्व नष्ट होता है। 22 जून के ट्वीट में खान ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए ट्वीट में कहा कि आपके पास केवल दो विकल्प हैं, या तो आप विकास के नाम पर कांक्रीट का जाल चुन लें या पर्यावरण से प्रेम कर अपनी पीढ़ी के लिए खुशियां चुन लें। भौतिक विकास धरती को रहने लायक नहीं छोड़ेगा। आपकी पीढ़ी धरती का विनाश देखेगी। निर्णय आपका है कि आप वर्तमान का भौतिक विकास सुख चुनते हैं या विनाश।उन्होंने इसी को लेकर 21 जून को लिखा कि पौधे लगाना, वृक्षों को बचाना, पानी बचाना, शाकाहार अपनाना हर किसी के जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। यदि पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे। धरती को बचाना हर किसी का धर्म है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी में किये बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर तथा काल भैरव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता के लिए वाराणसी प्रवास पर हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी भाग ले रहे हैं।

# आर्मी फायर रेंज में जवान पर गिरा डमी बम, मौत

## ड्रोन से बम गिराने की ट्रेनिंग ले रहे थे, 400 फीट ऊपर से गिरा

भोपाल। भोपाल में सूखी सेवनिया क्षेत्र के आर्मी फायरिंग रेंज में ड्रोन से ट्रेनिंग के दौरान लोहे का डमी बम एक जवान के सिर पर गिर गया। हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार शाम सेना के जवान ड्रोन से बम गिराने की ट्रेनिंग ले रहे थे। इसी बीच यह हादसा हो गया। बम का वजन करीब 4 किलो से ज्यादा था और यह 400 फीट की ऊंचाई से गिरा था। बम सीधे जवान के सिर पर गिरा, जिससे उसे गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत सेना के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक, मृतक जवान का नाम विजय सिंह (उम्र 37 साल) है। वह उत्तराखंड के रहने वाले थे और भोपाल के बैरागढ़ में सेना कार्यालय में हवलदार के पद पर तैनात थे। सोमवार को वह एक नियमित ट्रेनिंग के लिए फायरिंग रेंज पहुंचे थे। यहां सेना के जवानों को ड्रोन से बम गिराने और उससे बचाव की तकनीक सिखाई जा रही थी। फायरिंग रेंज में उड़ान भर रहे एक ड्रोन में लोहे का डमी बम रखा गया, जिसे एक निर्धारित स्थान पर गिराया जाना था। लेकिन बम जवान विजय सिंह के ऊपर गिर गया। अब यह तकनीकी गड़बड़ी है या मानवीय चूक जांच कर पता लगाया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही सूखी सेवनिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई केएस यादव ने बताया कि पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग कायम कर लिया गया है। शव का पोस्ट मार्टम सेना अस्पताल में कराया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि हादसा तकनीकी चूक के कारण हुआ या सुरक्षा मानकों की अनदेखी से। सेना के कई अधिकारी भी जवान के पोस्ट मार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे।



## वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर राज्यपाल श्री पटेल ने माल्यार्पण कर नमन किया

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर रानी दुर्गावती का पुण्य स्मरण किया। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, अपर सचिव श्री उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्रीमती जमुना भिड़े एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवक कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया 19 जुलाई तक चलेगी

## ब्लॉकाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिला-प्रदेश महासचिव और अध्यक्ष चुनेंगे; ऑनलाइन दे सकेंगे राय

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। सोमवार को राजीव भवन में आयोजित हुई प्रेसवार्ता के माध्यम से चुनाव प्रभारी जगदीश बोगा ने बताया कि 20 जून सुबह 9 बजे से 19 जुलाई शाम 5 बजे तक सदस्यता और मतदान की प्रक्रिया एक साथ चलाई जाएगी। यह संपूर्ण प्रक्रिया झइँ कउ अस्त्रस्त्र के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जाएगी। इसमें 18 से 35 वर्ष की आयु के युवक-युवतियां इस चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इच्छुक युवाओं को 50 रुपए सदस्यता शुल्क देना होगा, जिसकी अंतिम तिथि 21 जुलाई शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इस चुनाव



के तहत प्रदेशभर में ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष को चुना जाएगा। मतदान के लिए वोटर आईडी कार्ड या ई-वोटिंग पहचान पत्र के साथ आधार कार्ड अनिवार्य होगा। यह पहचान दस्तावेज ऐप पर अपलोड कर सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरेंगे। चुनाव प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# एनएच-146 पर एक महीने से सड़क टूटी

रायसेन। रायसेन के नेशनल हाईवे 146 पर स्थित पग्नेश्वर पुल के ज्वाइंट में बड़ा गैप होने से गड्ढा बन गया है। ये समस्या पिछले एक महीने से बनी हुई है। दिन के समय वाहन चालक गड्ढे को देखकर बच जाते हैं। लेकिन रात में ये दुर्घटना का कारण बन रहा है। रविवार को एक बोलेरो इसी गड्ढे में फंस गई। ग्रामीणों ने गाड़ी को टोचन की मदद से बाहर निकाला था।

**'टैक्स वसूला जा रहा, नहीं मिल रही सुविधा' :** बेतवा नदी पर बने इस पुल से अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी आते-जाते हैं। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। भोपाल से रायसेन होकर सांची तक के नेशनल हाईवे पर सेहतगंज के पास टोल नाका है। आरोप है कि वाहन चालकों से टैक्स वसूला जा रहा है। लेकिन अच्छी सड़क की सुविधा नहीं मिल रही है।

# घोड़ाडोंगरी अस्पताल में किसान की मौत, हंगामा

## हार्ट के पास पानी जमा था, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया

बैतूल। घोड़ाडोंगरी में ओझाढाना गांव के 60 वर्षीय किसान सिमरत पाखरे की घोड़ाडोंगरी अस्पताल में मौत हो गई। सोमवार दोपहर सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने इंजेक्शन और दवाएं देकर घर भेज दिया। शाम को खेत में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें फिर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने



डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन देने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। बीएमओ डॉ. संजीव शर्मा के अनुसार, मरीज के हृदय के चारों तरफ पानी जमा था। इसे मेडिकल भाषा में पेरीकार्डियल इफ्यूजन कहते हैं। मरीज पहले से हाई बीपी की दवाएं ले रहे थे। उन्होंने इसे सडन कार्डियक डेथ बताया। हंगामे की सूचना पर घोड़ाडोंगरी, रानीपुर, चोपना, शाहपुर और सारनी थानों से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मंगलवार सुबह एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की मौजूदगी में शाहपुर से आए दो डॉक्टरों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान के वाहक योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति की पताका लहराई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हमारा पुरातत्व ज्ञान सृष्टि की मूल्यवान वस्तुओं से भी ज्यादा बेशकीमती और महत्वपूर्ण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डोंगला अब नगरी के रूप में विकसित हो रही है। उज्जैन काल की नगरी है और प्राचीन काल में समय गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, यह काल गणना के केंद्र में पुनः स्थापित होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी ने भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान के वाहक योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति की पताका लहरा दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन अनुसार आज की दुनिया युद्ध की नहीं अपितु अहिंसा और भगवान बुद्ध की दुनिया है। हमारी सनातन संस्कृति ताकत के प्रकटीकरण की जगह शिक्षा और विज्ञान से दुनिया के कल्याण की बात करती है। हजारों सालों से हमारे ऋषि मुनियों ने ध्यान से ज्ञान संकलित कर ज्ञान से विश्व कल्याण के कार्य किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व के कोने-कोने में योग किया जा रहा है। योग के माध्यम से विश्व में व्यक्ति से व्यक्ति को जोड़कर



शांति के द्वार प्रशस्त किये जा रहे हैं। पिछली कुछ सदियों में पश्चिम के विज्ञान को महत्व दिया गया, परन्तु 21वीं शताब्दी में भारतीय ज्ञान को महत्व दिया जा रहा है। कोविड के बाद से सभी को भारतीय संस्कृति के 'नमस्कार' की महत्ता समझ आई है। हमारा पुरातत्व ज्ञान सृष्टि के मूल्यवान वस्तुओं से भी ज्यादा बेशकीमती और महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यहां डोंगला वेधशाला स्थित शंकु यंत्र के माध्यम से सूर्य के परिचालन का माप लगाया जा सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में छोटे छोटे सिद्धांतों के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने विज्ञान को हमारी जीवनशैली बना दी। वैज्ञानिक जीवनशैली ने हमारी संस्कृति को आज तक जीवित रखा है। संभवतः भगवान श्रीकृष्ण महाभारतकाल में नारायणा धाम से डोंगला तक इसी वेधशाला की खोज में आए। यह भगवान श्रीकृष्ण का वैज्ञानिक स्वरूप भी हो सकता है। डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला को अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च का केंद्र बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री विज्ञान भारती डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चर्चा के दौरान प्राचीन भारतीय विज्ञान संबंधी प्रश्न आते है। हमारे यहां नक्षत्रों के आधार पर समय का मापन किया जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा का वाहक बनने का इस संवाद से आपको मौका मिला है। प्राचीन काल में यह स्थल गणना का केंद्र था, अपनी रिसर्च के माध्यम से हम इसे पुनः काल गणना का केंद्र बनाएंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल और सांसद श्री फिरोजिया ने पौधा भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्?ज्वलन किया और विद्यार्थियों से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाला में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम और बैग वितरित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, वैज्ञानिक गंटी एस मूर्ति, डॉ अरविंद्र रानाडे, जनप्रतिनिधि श्री राजेश धाकड़, श्री बहादुर सिंह चौहान, संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### बारिश को लेकर कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# पानी की निकासी और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी नगरीय निकायों और जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बारिश के मौसम में बेसमेंट में जल का भराव नहीं हो। अस्पतालों के आसपास साफ- सफाई पर्याप्त हो। बरसात के दौरान पानी का जमाव नहीं होना चाहिये। पानी की निकासी और आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। बिल्डिंग व दीवार गिरने की दुर्घटना होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये और इसकी सूचना तत्काल दी जाये। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे।



## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर ने माह मई 2025 में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने में जिले को मध्यप्रदेश में द्वितीय समूह ए ग्रेडिंग प्राप्त होने पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने टीएल पत्रों की समीक्षा के दौरान टीएल पत्रों के लंबित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में किया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिन विभागों ने ई- फाइल में एक भी फाइल पुट अप नही की है, उनका वेतन नही निकाला जाये। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को नेशनल लोक अदालत में कोर्ट फीस माफी के प्रकरण आते हैं, तो 15 दिन में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस पर ध्यान दें कि गैस रिफलिंग निर्धारित स्थान पर ही हो। कबाड़ी गोदामों की जांच की जावे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि फटाखों का अवैध स्टॉक व बारुद का भंडारण नही हो।

## परिवहन अधिकारी को दिए निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिला परिवहन अधिकारी और एसडीएम स्कूल एवं अन्य बसों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान बसों का इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन, पीयूसी, बस चालक का ड्राईविंग लायसेंस आदि का अवलोकन करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिले में समय- समय पर झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करें। आयुष्मान पैकेज वाले अस्पतालों की लिस्ट अस्पताल के बाहर चस्पा करें। सभी नगरपालिका अधिकारी समय- समय पर पर्याप्त साफ- सफाई कर कचरे को उठाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सभी जनपदों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ समग्र व खाद्यान्न ई- केवायसी पर ध्यान दें। आदिवासी गांवों में जिन पात्र परिवार के सदस्यों के नाम पात्रता पर्ची में शामिल नहीं है, उन व्यक्तियों के नाम पात्रता पर्ची में जोड़े।

## आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज की समीक्षा

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं जिले की सभी शासकीय आईटीआई के प्रवेशों एवं ट्रेडों की समीक्षा की। प्राचार्य आईटीआई ने बताया कि जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 में संचालित व्यवसायों की कुल 260 सीटों के लिये पोर्टल पर पंजीयन के साथ च्वाईस फिलिंग का 312 प्रतिशत हो चुका है। कुल सीटों में महिलाओं की 35 प्रशिक्षण आरक्षण के साथ 266 सीटों के विरूद्ध 151 प्रतिशत महिलाओं का है। प्रवेश सत्र 2025 में प्रवेश लेने के लिये 23 जून को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रथम चयनित सूची जारी हो चुकी है। इसी तरह प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में प्रथम वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साइंस एवं मोडर्न ऑफिस मैनेजमेंट के लिये प्रथम वर्ष टीएफडब्ल्यू व ईडब्ल्यूएस को छोड़कर 180 सीटें निर्धारित है। इनमें प्रथम चरण में 67 प्रवेशित विद्यार्थी द्वितीय चरण में संस्था से किये गये रजिस्ट्रेशन च्वाइस फीलिंग के लिये प्रवेश 26 जून से किया जायेगा। इसमें आवंटन प्राप्त होने पर कुल 47 विद्यार्थियों का प्रवेश किया जाना है। कॉलेज लेबल काउंसलिंग- सीएलसी में अब तक 20 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। कॉलेज लेबल काउंसलिंग 14 अगस्त 2025 तक जारी है इसमें शत-प्रतिशत प्रवेश का प्रयास किया जा रहा है।

# पेंशनर्स समाज ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** मप्र पेंशनर समाज एवं म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन नरसिंहपुर द्वारा पेंशन साथियों की लंबित मांगों का ज्ञापन एस, के, चतुर्वेदी प्रांतीय अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, बी शिवकुमार पटेल अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज, विजय दुबे जिला सचिव, भवानी शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, बी, एस, पटेल अध्यक्ष म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन, जी, के, चतुर्वेदी, सुभाष दुबे एस, के, कुर्मी, जे, के, सोनी, बी, आर, सिंह, ए, के, खरे, संतोष शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री को संबोधित जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। इसमें प्रमुख रूप से आठवें वेतनमान का लाभ पूर्व की भांति सभी पेंशनर को मिले, केन्द्र सरकार के समान राज्य शासन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को



देय तिथि से महंगाई राहत एरियर्स सहित भुगतान करने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने, छठवें वेतनमान का 32 माह एवं सातवें वेतनमान का 27 माह का लंबित एरियर्स भुगतान करने, पेंशनर को 79 वर्ष पूर्ण कर 80 वर्ष की उम्र में प्रारंभ होने से 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने,30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त पेंशनर को समान रूप से एक वेतन वृद्धि का लाभ बिना न्यायालय की शरण लिए प्रदान करने,65 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 5 प्रतिशत 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत,75 वर्ष पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान करने, विद्युत मंडल पेंशनर को एस्को गारंटी प्रदान करने, पेंशन सारणशीकरण कटौती 10 वर्ष 8 माह करने आयुष्मान योजना का लाभ सभी पेंशनर को प्रदान करने, सेवा निवृति आयु में एक रुपता करने, जिला पेंशन कार्यालय के केंद्रीयकरण नहीं करने, पेंशनर को पूर्व की भांति रेल्वे में छूट प्रदान करने, सभी जिला एवं तहसील मुख्यालय पर डे केयर सेंटर संचालित करने आदि मांगे शामिल हैं।

## मंडी में किसानों ने किया प्रदर्शन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** सोमवार को किसानों द्वारा मंडी मे प्रदर्शन किया गया। जिसे तहसीलदार एवं एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद शांत कराया गया। किसानों की मांग है कि मंडी में



किसानों द्वारा लाई जा रही मूंग को व्यापारियों द्वारा कम दाम मे खरीदा जा रहा है। वही जिले की अन्य मंडियों मे तथा नरसिंहपु मंडी मे काफी अंतर है जिससे किसानों को नुकासन हो रहा है जिसे लेकर किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया। उक्त मौके पर देवेन्द्र पाठ, कजबिहारी यादव सहित बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहे।

# महाराज श्री के चातुर्मास को लेकर बैठक सम्पन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** द्वारका शारदा पीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान वि.सं. 2082 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 10 जुलाई से 7 सितम्बर तक परमहंसी गंगा आश्रम में होगा। इसे लेकर नरसिंहपुर जिले के वासियों में भारी उत्साह है। श्रीद्वारकाधीश एवं भगवान चन्द्रमौलीश्वर, माँ जगदम्बा की अहैतुकी कृपा से पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज श्री का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान पीठद्वयाधीश्वर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराजश्री की पावन तपस्थली परमहंसी गंगा आश्रम, झोंतेश्वर में दिनांक 10 जुलाई से 7 सितम्बर 2025 तदनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा पर्यन्त संपन्न होने जा रहा है। शंकराचार्य जी के चातुर्मास में अपना योगदान देने और सहभागी बनने के लिए विभिन्न संगठनों,सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तुलसी मानस भवन में संपन्न हुई। जिसमें सभी ने अपना योगदान देने की बात की। इस अवसर पर ब्रह्मचारी स्वामी अचलानंद महाराज ने बताया कि पूज्य शंकराचार्य महाराज श्री का दिव्य दर्शन, सत्संग एवं पावन सानिध्य प्राप्त कर कल्याणकारी पुण्य फल के भागी बनें। जो मनुष्य संन्यासियों का चातुर्मास्य व्रत अनुष्ठान आयोजित करता है एवं उसमें तन-मन-धन से सम्मिलित होता है वह राजसूय



एवं अश्वमेध यज्ञ का फल सहज ही प्राप्त कर लेता है। आपने जानकारी दी कि दिव्य सत्सग प्रति शनिवार एवं रविवार सायं 5 से 7, प्रवचन स्थल रू गङ्गा कुण्ड, परमहंसी गंगा आश्रम में होगा। प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर जी का रुद्राभिषेक, प्रातः 10 से 11.30 बजे तक श्रीमद्भगवद्गीता शांकरभाष्य स्वाध्याय, स्थल समाधि मन्दिर, समाधिस्थल संग्रहालय, 10 जुलाई गुरु व्यास पूजा चातुर्मास प्रारंभ, 9 अगस्त संस्कृत दिवस श्रावणी उपाकर्म , 11 अगस्त सोमवार स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज श्री का पावन जन्मोत्सव , 16 अगस्त श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 26 अगस्त शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री का पावन प्राकट्योत्सव, 6 सितम्बर अनंत चतुर्थी उत्सव, 7 सितम्बर चातुर्मास व्रत समाप्ति आदि विशिष्ट आयोजन रहेंगे। बैठक में पंडित मैथिली तिवारी, सुनील जायसवाल, व्यास रामस्वरूप शर्मा , आनंद तिवारी , अरविंद मिश्रा, सोहन तिवारी, अंकित अवस्थी, सचिन अवस्थी , हरिहर नाथ चैबे गोविंद दुबे, भूपेंद्र तिवारी, डॉ संजीव चांदोकर, एसके चतुर्वेदी, सुधीर लूनावत, नीलेश जाट, देवेंद्र पाठक, अर्चना राय के अलावा अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि हम सब नरसिंहपुर जिले वासियों का सौभाग्य की शंकराचार्य महाराज श्री हमारे जिले के हैं और उनका चातुर्मास पर मानसी गंगा आश्रम में हो रहा है आवश्यकता है कि हम सब लोग छात्र मास में सहयोग करें और वहां की सेवा कार्यों में अपनी सेवाएं दें। इससे न केवल नरसिंहपुर जिले वासियों की सहभागिता होगी वरन हम सबको पुण्य लाभ भी अर्जित होगा। बैठक का संचालन विजय आजाद, आभार प्रदर्शन सुनील जायसवाल ने किया।

## मनाया गया श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष श्यामप्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई कार्यक्रम के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मप्र सरकार के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक बहुआयामी



व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी और सहृदय और मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वे सम्पूर्ण भारत को एक रूप मानते थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोडिया, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप सिंह , पूर्व नपा अध्यक्ष संध्या कोठारी मंचस्थ रहे ,कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद पटेल ने एवं आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह कौरव ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा,प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष , महामंत्री सहित भाजपा के कार्यकताओं की उपस्थिति रही।



# योग शिक्षक द्वारा कराया गया योग

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आगेनाईजेशन आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) के संभाग प्रभारी योग शिक्षक देवेन्द्र पटेल ने योग की क्रियाओं के विषय में जानकारी प्रदान की, वर्तमान में हृदय गति का रुकना, हृदय को स्वस्थ रखने, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, कमर दर्द, साइटिका को योग व्याम से स्वास्थ लाभ की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। उपस्थित जनों ने योग की चलन क्रियाएं योगासन, प्राणायाम, ध्यान योग, ताड़ासन, आसान, अर्ध चक्रासन, सलभासन, दंडासन, भद्रासन, मंडूक आसन, से समस्त योग साधक लाभार्थी हुए।

## काया द्वारा तीन दिवसीय बाल योग शिविर आयोजित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** काया जनकल्याण समिति की सक्रिय सदस्य शिवांगी साहू ने तिलक वार्ड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय निशुल्क बाल योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया और योग के विभिन्न आसनों व प्राणायाम का अभ्यास करते हुए इसके लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ। योग आसनों के माध्यम से बच्चों ने अपने शरीर को लचीला और मजबूत बनाने का अनुभव किया। प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से बच्चों ने अपने मन को शांत और केंद्रित करने का तरीका सीखा। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## युवा कांग्रेस चुनाव तिथि घोषित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण द्वारा मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस चुनाव के संबंध में सदस्यता और मतदान अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में सदस्यता एवं चुनाव प्रभारी जगदीश बोगा ने बताया कि मध्यप्रदेश में यह चुनाव अभियान 20 जून से 19 जुलाई 2025 तक चलेगा। सदस्यता शुल्क 50 रुपए भुगतान की अंतिम तिथि 21 जुलाई तक निर्धारित की गई है। भारतीय युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण के जगदीश नेता ने



बताया कि मध्यप्रदेश में पूरे 1 महीने के दौरान सदस्यता अभियान में सदस्यता और मतदान ऑनलाइन किया जा सकेगा। चुनाव प्राधिकरण के सदस्य ने बताया कि ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव, जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया जाएगा। सदस्यता और मतदान में मध्यप्रदेश के 18 से 35 वर्ष तक के सभी पात्र युवक-युवतियां इस प्रक्रिया में भाग लें।

### खेल-व्यापार

# अदाणी ग्रुप अगले पांच वर्ष में विभिन्न व्यवसायों में 15-20 अरब डॉलर का निवेश करेगा

नई दिल्ली। चेयरमैन गौतम अडानी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करते हुए बैठक की शुरूआत की और हाल ही में एयर इंडिया विमान दुर्घटना को भी याद किया। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा कि समूह के पूंजी निवेश रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं, अगले पांच वर्षों में सालाना 15-20 बिलियन डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना है, न केवल व्यवसाय विकास के लिए, बल्कि भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में योगदान देने के लिए। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनकी योजना अगले पांच वर्ष में विभिन्न कारोबारों में रिकॉर्ड 15-20 अरब डॉलर का निवेश करने की है ताकि वृद्धि के अगले चरण का खाका तैयार किया जा सके। उन्होंने समूह के लगातार जांच के घेरे में आने के बीच



उसके मजबूत बही-खाते का बखान किया। अदाणी ने कहा कि बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों, नवीकरणीय ऊर्जा पार्क से लेकर डेटा सेंटर, सीमेंट से लेकर गैस और बिजली तक के व्यवसायों से हुई रिकॉर्ड आय ने भारत के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा समूह का निर्माण किया है, जो न केवल बाजारों की सेवा के लिए बल्कि राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में योगदान के लिए मौजूद है। समूह की वार्षिक आम बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने अक्षय ऊर्जा आपूर्ति ठेके हासिल करने के लिए कथित रिश्वतखोरी योजना में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा हाल ही में अभियोग चलाए जाने का उल्लेख किया और कहा कि अदाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (एफसीपीए) का उल्लंघन करने या न्याय में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा, लगातार जांच के बावजूद भी अदाणी समूह कभी पीछे नहीं हटा। इसके बजाय, हमने साबित कर दिया कि सच्चा नेतृत्व धूप में नहीं बल्कि संकट की आग में तपकर तैयार होता है। चेयरमैन ने कहा, पिछले वर्ष इसकी पुनः जांच की गई जब हमें अदाणी ग्रीन एनर्जी से संबंधित अमेरिकी न्याय विभाग और एसईसी (अमेरिकी राज्य प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग) की ओर से आरोपों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, इन सभी बातों के बावजूद, तथ्य यह है कि अदाणी समूह के किसी भी व्यक्ति पर एफसीपीए का उल्लंघन करने या न्याय में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप नहीं लगाया गया है। अदाणी ने कहा, हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहां अकसर नकारात्मकता पर सच्चाई से अधिक ध्यान दिया जाता है। हम कानूनी प्रक्रियाओं में सहयोग कर रहे हैं। मैं दोहराना चाहता हूं कि हम कामकाज में वैश्विक मानकों का पालन करते हैं और उनका अनुपालन करने में कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

# दिलीप दोशी के निधन पर क्रिकेट जगत ने जताया दुख, सचिन तेंदुलकर से लेकर शिखर धवन ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का निधन हो गया। 1947 में जन्में दोशी ने 77 साल की उम्र में लंदन में आखिरी सांस ली। उनके निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई। दोशी क्रिकेट करियर के बाद सफल हिन्दी कॉमेंटेटर के तौर पर भी बेहद लोकप्रिय रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 898 विकेट झटकने वाले दोशी ने 238 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 43 बार पांच विकेट झटके। 6 बार एक मैच में 10 विकेट अपने नाम किए। उनके निधन पर सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा कि वे अपने पीछे कौशल, प्रतिबद्धता, उत्कृष्ता की समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। हाल ही में दोशी को



बीसीसीआई ने एक समारोह में सम्मानित भी किया था। वे इस महीने की शुरूआत में लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी शामिल हुए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज दोशी का निधन ह्रदय संबंधी बीमारियों के कारण हुआ। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक दोशी बीते कई सालों से लंदन में ही रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी कालिंदी, बेटा नयन और बेटी विशाखा हैं। बेटा नय इंग्लैंड की काउंटी क्रिकेट-सरे और महाराष्ट्र के सौराष्ट्र से क्रिकेट खेल चुका है। वहीं दोशी के निधन पर क्रिकेट जगत ने दुख प्रकट किया है। जहां बीसीसीआई ने दोशी की तस्वीर शेयर कर इस दुखद खबर के बारे में जानकारी दी। एक्स पर जारी इस संदेश में बोर्ड ने लिखा कि, बीसीसीआई पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोशी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त करता है। उनका लंदन में निधन हो गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

बलिदान दिवस पर समस्त कार्यक्रम की मुख्यमंत्री ने की प्रशंसा

# विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव: महापौर अन्नू

## अगले साल से मिनी मैराथन कराने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से की घोषणा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज बारहा स्थित समाधि स्थल पहुँचकर महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, उनका चरण वंदन किया और कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती नारी शक्ति के साथ-साथ देवी के रूप में पूजी जायेंगी। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती की शौर्य गाथा को हमारे बच्चें पढ़े और उनके शौर्यगाथा पर गर्व करें इसके लिए उन्होंने पाठ्यपुस्तक में भी शामिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी वीर शौर्यगाथाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और उन्हें नमन करते हुए नगर निगम द्वारा बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की मंच से सराहना की और



पुरूस्कार राशि में अतिरिक्त 5 लाख रुपए की राशि नगर निगम को और देने की घोषणा भी की। डॉ. मोहन यादव ने अगले साल से बलिदान दिवस पर मिनी मैराथन कराने की भी घोषणा की और वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर नगर निगम द्वारा हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में भूरी-भूरी प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगर निगम द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में विजेता रहे धावकों को राशि रुपए 21 हजार, 11 हजार, और 5 हजार के उपहार भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आज वाराणासी से संस्कारधानी में पधारकर वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के चरणों में शीश झुकाया और उन्हें नमन करते हुए उनकी कीर्ति को और बढ़ाने कई घोषणाएँ की जो दशार्ता है कि मुख्यमंत्री कितने संवेदनशील और उदार हैं। उनके हृदय में वीरांगना रानी दुर्गावती महादेवी के रूप में स्थापित हैं।

## मॉ महारानी वीरांगना दुर्गावती का बलिदान ही नहीं संस्कारधानी के निर्माण में योगदान को भी हमेशा किया जायेगा याद - महापौर अन्नू



जबलपुर । मातृभूमि की रक्षार्थ आक्रमणकारी सेनाओं से वीरता पूर्वक युद्ध करते हुये अपने प्राणों का प्रेरणादायी बलिदान देषभक्ति का अप्रतिम आर्दष प्रस्तुत करने वाली गौड़वाना गढ़ा मण्ड़ला की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के 462वें बलिदान दिवस परंपरागत तरीके से नगर निगम ने मित्रसंघ-मिलन दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, कार्पोरेषन एथलेटिक संघ, एवं अन्य संस्थाओं के सहायोग से मनाया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मॉ महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती जी का शौर्य और बलिदान ही नहीं बल्कि संस्कारधानी के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान को भी हमेशा हम सब याद रखेगें और उन्हें देवतुल्य मानकर उनकी पूजा करते रहेगें। उन्होंने समाधि स्थल से लेकर भॅवरताल प्रतिमा स्थल तक मॉ वीरांगना महारानी दुर्गावती अमर रहे के जयघोष भी लगाये। महापौर ने बारहा स्थित समाधि स्थल और भॅवरताल पार्क में स्थापित प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित किये और उपस्थित सभी बच्चों को उनके शौर्यगाथा को शपथ के माध्यम से विस्तृत रूप से वर्णन कर शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि हम सब गौरवशाली हैं कि जिस धरती को वीरांगना रानी दुर्गावती जी ने अपने खून से सिंचित किया उस धरती पर हम सब जन्में हैं और आज उनकी कीर्ति और शौर्य गाथा के कारण खुली हबा में स्वतंत्र होकर जीवन जीकर धन्य कर रहे हैं। मंच से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने यह भी कहा कि हम सब आज धन्य है कि हमें इनके चरणों में वंदन अभिनंदन और पुष्पांजलि अर्पित करने का मौका मिला। कार्यक्रम के मौके पर महापौर श्री अन्नू ने विचार व्यक्त किये और वीरांगना रानी दुर्गावती की कीर्ति एवं गाथाओं का बखान किया और युवा पीढ़ी को संदेश दिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मंच से मित्रसंघ एवं मिलन के सहयोग की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज ने भी वीरांगना महारानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य विवेक राम सोनकर, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, मित्रसंघ एवं मिलन के संयोजक सच्चिदानंद शेकटकर, सह संयोजक पारितोष वर्मा, श्री कुलकर्णी, नगर निगम के अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, सहायक आयुक्त श्रीमती रचयिता अवस्थी, श्रीमती शिवांगी महाजन, खेल अधिकारी राकेश तिवारी, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, श्रीमती दीप्ती शर्मा, श्रीमती कीर्ति परोहा, श्रीमती रागनी गर्ग, श्रीमती संगीता दीक्षित, डॉ. राकेश जैन, कार्पोरेषन एथलेटिक संघ के अध्यक्ष महेन्द्र विश्वकर्मा की भूमिका भी सराहनीय रही। वीरांगना दुर्गावती मैराथन दौड़ प्रतियोगिता पुरूष तथा महिला वर्ग के खिलाड़ियों को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा पुरस्कार वितरण किये गए तथा विजेता बालक एवं बालिकाओं को रामनी पटैल एवं खेम सिंह को प्रथम पुरूस्कार के रूप में 21-21 हजार, अंशिका लोधी एवं शाहिल साहू द्वितीय को 11-11 हजार, शुशी रघुवंशी एवं हर्ष वर्धन चौधरी तृतीय को 5-5 हजार रुपए पुरस्कार के साथ-साथ 7-7 धावकों जिसमें बालिकाओं में आकृति पटैल, अनुष्का बैन, सुमन भारती, लक्ष्मी बेन, सोनाक्षी विश्वकर्मा, अर्पिता बेन, अनुष्का पटैल, एवं बालकों में शौहित कुमार, सुभम मिश्रा, धनराज चौधरी, सुभाष काकोडिया, आदित्य राज, वेदकुमार नामदेव एवं चिराग कोल को सांत्वना पुरूस्कार के रूप में 2-2 हजार रुपए प्रदान किये गए। उन्होंने बैंडदल जो धुन की प्रस्तुति एवं पुलिस बल जिनके द्वारा सलामी दी गई उन्हें 5-5 हजार की पुरूस्कार राशि प्रदान किये। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कार्यक्रम की समाप्ति पर उपस्थित सभी बच्चों को खाना परोसकर अपने हाथों से खिलाया और बच्चों का दुलार पाकर अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय ने किया तथा आभार प्रदर्शन सह संयोजक परितोष वर्मा ने किया।

# सट्टा कारोबार पर जबलपुर पुलिस की दोहरी कार्रवाई...

## 11 हजार से ज्यादा की नगदी, मोबाइल और सट्टा सामग्री जब्त, चार आरोपी फरार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिले में अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के सख्त निदेशों के तहत ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में एक के बाद एक दो मामलों में सटोरियों पर शिकंजा कसा गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो प्रमुख स्थानों से सट्टा लिखते दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है।



### सट्टा माफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा

पुलिस को यह कार्रवाई गुप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर करनी पड़ी, जिसमें बताया गया था कि ग्वारीघाट थाना अंतर्गत झंडा चौक सब्जी मंडी के पीछे सामुदायिक भवन के पास कुछ लोग खुलेआम सट्टा लिख रहे हैं। नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर श्री एम.डी. नागोतिया ने तत्काल थाना ग्वारीघाट, गोराबाजार और थाना गोरखपुर की संयुक्त टीम को रवाना किया। छापे के दौरान लकड़ी की टेबल पर सट्टा पर्चियां लिखते एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसकी पहचान नरेश चक्रवर्ती (उम्र 51 वर्ष, निवासी कुम्हार मोहल्ला, गोरखपुर) के रूप में हुई। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह यह अवैध गतिविधि उमेश पटेल और भाईजान के कहने पर कर रहा था। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में सामग्री जब्त की, जिसमें शामिल हैं: 9500 नगद, 60 सट्टा पर्चियां,3 सट्टा गड्डी,दिनांक लगाने की सील,2 मोबाइल फोन, 2 कैलकुलेटर. सट्टा लिखने की टेबल नरेश के खिलाफ धारा 4(क) सट्टा एक्ट और धारा 49 व 112 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है, वहीं उमेश पटेल और भाईजान की तलाश जारी है।

### एक और सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

इसी दिन दूसरी कार्रवाई में पुलिस को सूचना मिली कि बादशाह हलवाई मंदिर के पास स्थित चण्डी माता मंदिर के पीछे कुछ लोग सट्टा चला रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई, जहाँ एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिखते पाया गया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की, जहां उसकी पहचान गोलू दीवान (उम्र 27 वर्ष, निवासी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट) के रूप में हुई। गोलू ने पूछताछ में बताया कि वह यह काम नितिन गडरिया के कहने पर कर रहा है। पुलिस ने उसके पास से भी कई अहम सबूत जब्त किए:

### 1850 नगद. सट्टा पट्टी व बुक, रेडमी मोबाइल फोन

गोलू दीवान के खिलाफ भी धारा 4(क) सट्टा एक्ट और धारा 49 व 112 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मुख्य सटोरिया नितिन गडरिया की तलाश अभी जारी है।

### टीम की भूमिका रही निर्णायक

इस सफल कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक श्री एमडी नागोतिया के नेतृत्व में निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही: उप निरीक्षक उमंग अग्रवाल, सहायक उप निरीक्षक राजीव दुबे, चंद्रशेखर चौबे, प्रधान आरक्षक बंसीलाल, हरक बहादुर थापा, अशोक यादव, चंद्रभान पांडे, विजय दुबे, अतुल गर्ग, नितिन जोशी. आरक्षक संजय, विक्रम, ललित

**रिपोर्ट मोहम्मद अकरम अंसारी**

# जनेकृविवि में खरीफ फसलों हेतु 16 प्रकार के जैव उर्वरक कृषकों हेतु उपलब्ध




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं संचालक अनुसंधान सेवाऐं डॉ. जी.के. कौतु के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कृषकों हेतु विभिन्न खरीफ फसलों के लिये गुणवत्तायुक्त जैव उर्वरक उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं, जो कि जैविक कृषि के प्रमुख आदान के रूप सर्वोत्तम सिद्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा फसलों में उपयोग हेतु सूक्ष्मजीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा 16 प्रकार के उच्च गुणवत्ता के जैव उर्वरकों को विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के दीक्षित के कुशल नेतृत्व एवं केन्द्र प्रमुख डॉ. वाय.एम. शर्मा की देखरेख में वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये जा रहे हैं। जैविक उत्पादों के उपयोग से फसलोंत्पादन में वृद्धि के साथ ही मृदा का स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार होता हैं। केन्द्र द्वारा विविध फसलों हेतु उत्पादित 16 प्रकार के प्रमुख जवाहर जैवउर्वरक में जवाहर राईजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर, जवाहर एजोस्पिरिलम, जवाहर एसीटोबेक्टर, जवाहर माईकोराइजा, जवाहर पोटाश घोलक जीवाणु (के.एस.बी.), जवाहर नीलरहित काई (बी.जी.ए.) कल्चर, जवाहर फॉस्फेट घोलक जीवाणु (पी.एस.बी), जवाहर जिंक घोलक, जीवाणु (जेड.एस.बी.), जवाहर स्यूडोमोनास, जवाहर ई.एम. कल्चर, जवाहर बॉयोफर्टिसॉल, जवाहर बैक्टोबूस्टर, जवाहर ट्राईकोडर्मा, जवाहर विघटक-1, जवाहर जैव विघटक-2, उत्पादों की श्रृखला कृषकों हेतु कम लागत व गुणवत्तापूर्ण रूप से उपलब्ध हैं। इन उत्पादों का कृषक भाई अपने खेतों में खरीफ की विभिन्न प्रकार की फसलों में किचिन गार्डन, टैरेस गार्डन, फलोद्यान व फूलों की खेती में उपयोग कर उत्पादकता के साथ भूमि की उर्वरता में सकारात्मक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# चोरी गए 16 वाहन पुलिस ने किए बरामद, चोर गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच सहित पनागर पुलिस की कार्रवाई



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पलक झपकते ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से चोरी हो रहे दोपहिया वाहनों की पतासाजी के लिए एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच के शैलेष मिश्रा और पनागर थाना प्रभारी विविन ताम्रकार की टीम ने जांच-पड़ताल करते हुए 6 शातिर वाहन चोरों को पकड़ते हुए 12 लाख रुपए कीमत के 16 दोपहिया वाहन जप्त किए हैं। एएसपी शहर आनंद कलादगी ने बताया कि गठित टीम द्वारा वाहन चोर सहित चोरी के वाहन खरीदने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। काइम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम ने संदेह के आधार पर आदिल निवासी नेता कॉलोनी से बाइक के संबंध तो पता चला कि बाइक क्र मांक एमपी 20 एमव्ही 2768 को पनागर क्षेत्र से चोरी किया था। आदिल ने सघन पूछताछ में अपने साथी मेहराज के साथ गोरखपुर से स्कूटर एमपी 20 एस जे 8240 और माढोताल से स्कूटर एमपी 20 जेड एस 8793 चोरी कर सद्दाम उस्मानी निवासी कटरा मस्जिद के पास अधारताल को 5-5 हजार रुपए में बेच दिया था। साथी सुदामा बर्मन के साथ मिलकर एक एमपी 22 एमएफ 7403 को भेड़ाघाट से और एक काले रंग के स्कूटर एमपी 20 जेड एच 7964 को गोरा बाजार से चोरी कर ओम बेन निवासी कैलाश धाम को बैच दिये थे। इसी प्रकार अपने एक नाबालिग के साथ मिलकर माढोताल क्षेत्र से मोपेड एमपी 20 जेडएच 3453 छुड़ा लिये थे और ग्वारीघाट से स्कूटर क्रमांक एमपी 20 जेडसी 9866 चोरी किये थे दोनों स्कूटर साहिद खान निवासी कटंगी को बैच दिये थे। इसी तरह शहपुरा पुलिस ने मोटर सायिकल कमांक एमपी 20 एनएम 3529 के चालक रवेन्द्र उर्फ सागर गोटिया से बाइक के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि बाइक चोरी की है। पूछताछ में सागर ने बताया कि वह अपने साथी के साथ 2 मोटर सायिकलें एवं 3 एक्टिवा, एक्सिस मेडिकल कॉलेज एवं धनवंतरी नगर चौक के आसपास से चोरी कर चुका है। पुलिस ने चोरी के वाहनों को जप्त कर लिया है। शातिर वाहन चोरों, चोरी के वाहन खरीदने वालों को गिरफ्तार कर एवं चुराये हुए वाहन जप्त करने में क्राइम थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा, थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे, एएसआई धनंजय सिह, मन्नू सिंह सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही है।

# नशीले इंजेक्शन सहित 2 तस्करों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

## एक साल में 48 तस्कर गिरफ्तार, 9 हजार से ज्यादा नशीले इंजेक्शन बरामद

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स के निर्देश पर एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा अवैध मादक पदार्थों/तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए 12 जून से 26 जून तक एनडीपीएसी एक्ट के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने यादव कॉलोनी पुलिस चौकी क्षेत्र में दबिश देते हुए भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद करते हुए 2 तस्करों को पकड़ा है। नशे के सौदागरों ने कानून के शिकंजे से बचने के लिए प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने शुरू कर दिए हैं। नशे को फैशन मानने वाले युवा नशीले इंजेक्शन से नशे के आदी हो रहे हैं। बीते एक में पुलिस ने 25 बड़ी कार्रवाईयां करते हुए दर्जनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 10 लाख रूपए से अधिक के नशीले इंजेक्शन और 25 लाख रुपए के आसपास का गांजा



बरामद कर चुकी है। पुलिस कार्रवाई से पता चलता है कि जबलपुर गांजा सहित नशीले इंजेक्शन की मंडी बनता जा रहा है। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान का आज 13वां दिन है। एसपी सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम ने नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाले तस्कर को पकड़ा है। यादव कॉलोनी पुलिस ने बताया कि जेडीए बिल्डिंग के पास से आरोपी दीपक साहू और वासू यादव दोनों निवासी शारदा चौक अन्ना मोहल्ला गढा को गिरफ्तार किया गया है। दोनों तस्करों के कब्जे से 50 रूपए कीमत के करीब 94 नग इंजेक्शन मिले हैं। पुलिस इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ कर रही है। चरस, गांजा, अफीम, शराब की तस्करी करते पकड़े जाने पर एनडीपीएस एक्ट में उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। सजा से बचने के लिए नशे के सौदागर प्रतिबंधित दवाओं वाले नशीले इंजेक्शनों की सप्लाई कर रहे हैं। कारण यह कि इस तरह के अधिकांश प्रकरणों में नार्कोटिक सब्सटेंस ना होने से एनडीपीएस एक्ट की धाराएं नहीं लग पाती है। जबलपुर पुलिस ने अब तक जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें अधिकांश पैडलर्स हैं। जबलपुर देश के तमाम शहरों से रेल नेटवर्क से जुडा है। पैडलर्स इसी का फायदा उठाते हुए प्रतिबंधित दवाओं के इंजेक्शन चोरी छुपे भेजते हुए जबलपुर के साथ आसपास के शहरों में खपा दिया जाता है।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN39695 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592